दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 160
कोटद्वार गुरूवार
5 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## भाला फेंक में भारत को दो पदक

### नीरज चोपड़ा को स्वर्ण, किशोर जेना ने रजत पर किया कब्जा




**हांगझोऊ, एजेंसी।** भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों के भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता है। उन्होंने 88.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पर कब्जा जमाया। वहीं, भारत के ही किशोर जेना ने 87.54 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत हासिल किया। नीरज ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी स्वर्ण जीता था। वहीं, किशोर का यह पहला एशियाई खेल है और उन्होंने रजत पर कब्जा जमाया। यह किसी भी प्रतियोगिता में जेना का पहला पदक है। जापान के गेंकी डीन 82.68 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

1951 से भाला फेंक एशियाई खेल का हिस्सा रहा है। यह 72 वर्षों में पहली बार है जब इस स्पर्धा में भारत के ही दो एथलीट ने स्वर्ण और रजत पर कब्जा जमाया हो। भारत के अब एशियाई खेलों के भाला फेंक स्पर्धा में पांच पदक हो गए हैं। इन दो पदक से पहले 1951 दिल्ली एशियाई खेलों में परसा सिंह ने रजत, 1982 दिल्ली एशियाई खेलों में गुरतेज सिंह ने कांस्य और 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में नीरज ने स्वर्ण जीता था। वहीं, ऐसा भी पहली बार है जब एशियाड के पुरुषों के भाला फेंक में भारत ने दो पदक जीते हैं। नीरजा का पहला थ्रो 82.38 मीटर का रहा। इस थ्रो के बाद वह पहले स्थान पर पहुंच गए थे। भारत के ही किशोर जेना उनके बाद दूसरे स्थान पर थे। जेना ने 81.26 मीटर का थ्रो किया था। जापान के गेंकी डीन 78.87 थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर थे। नीरज का दूसरा थ्रो 84.49 मीटर का रहा। उन्होंने अपने पिछले थ्रो में सुधार किया। वह पहले स्थान पर बरकरार रहे। वहीं जेना दूसरे स्थान पर थे। जेना का दूसरा थ्रो 79.76 मीटर का रहा। नीरज का तीसरा थ्रो फाउल रहा। उन्होंने क्रासिंग मार्क को छू लिया। किशोर जेना का तीसरा थ्रो 86.77 मीटर का रहा और वह नीरज से आगे निकल गए और स्वर्ण पदक के दावेदार हो गए थे। 86.77 मीटर का थ्रो जेना का पर्सनल बेस्ट भी था।

जेना द्वारा पीछे किए जाने के बाद नीरज अपने चौथे थ्रो में पूरी ऊर्जा के साथ आए और उन्होंने जैसे ही अपना चौथा थ्रो किया उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था। उन्हें पता लग गया था कि उनका थ्रो सफल रहा। नीरज का चौथा प्रयास 88.88 मीटर का रहा। यह नीरज का सीजन बेस्ट थ्रो रहा। इससे ज्यादा उन्होंने इस सीजन में थ्रो नहीं किया है। वह फिर से पहले स्थान पर पहुंच गए थे। किशोर जेना का चौथा प्रयास 87.54 मीटर का रहा और वह दूसरे स्थान पर बरकरार रहे। 86.77 मीटर की जगह 87.54 मीटर जेना का पर्सनल बेस्ट थ्रो हो गया।

## शराब घोटाले में आप सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापा मारा। यह तलाशी शराब घोटाला मामले में हुई। दोपहर के बाद ईडी ने संजय सिंह को गिरफ्तार लिया। करीब 10 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। इससे पहले इसी मामले में सांसद के कई अन्य करीबी लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई थी। संजय सिंह की गिरफ्तारी की खबर सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी में हलचल मच गई है।

ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, दिल्ली के व्यवसायी दिनेश अरोड़ा, जिन्हें दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में आरोपी के रूप में नामित किया गया था। पहले संजय सिंह की उपस्थिति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की थी। एक बयान में अरोड़ा ने ईडी को बताया कि उनकी मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह से हुई थी। जिसके बाद वह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के भी संपर्क में आए थे।

आगे बताया कि यह कार्यक्रम दिल्ली चुनाव से पहले धन जुटाने के लिए आयोजित किया गया था। इस साल मई में ईडी ने सिंह के करीबी सहयोगियों के परिसरों की तलाशी ली थी और उन्होंने आरोप लगाया था कि ईडी ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले के संबंध में उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के घरों पर छापेमारी की। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है। गिरफ्तारी से पहले आप सांसद संजय सिंह ने अपनी मां का आशीर्वाद लिया। आप ने एक्स हैंडल पर इसका वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि जिसके सिर पर मां का आशीर्वाद हो, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। हर क्रांतिकारी को जेल देखनी होती है, आज संजय सिंह को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। न डरे थे, न डरेंगे, अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

संजय सिंह के आवास समेत अन्य जगहों पर जांच एजेंसी की छापेमारी के बाद उनकी गिरफ्तारी को लेकर आप नेता से लेकर कार्यकर्ता विरोध करते रहे। इसका असर उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भी देखने को मिला। आप कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में प्रदर्शन किया है। आप कार्यकर्ताओं ने लखनऊ के हजरतगंज में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कार्यकर्ताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प भी हुई।17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई पॉलिसी लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा। सरकार ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसके लिए ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपये चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई।आरोप है कि दिल्ली सरकार ने जानबूझकर बड़े शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए लाइसेंस शुल्क बढ़ाया। इससे छोटे ठेकेदारों की दुकानें बंद हो गईं और बाजार में केवल बड़े शराब माफियाओं को लाइसेंस मिला।

विपक्ष का आरोप ये भी है कि इसके एवज में आप के नेताओं और अफसरों को शराब माफियाओं ने मोटी रकम घूस के तौर पर दी।पहली चार्जशीट में पहली बार मनीष सिसोदिया का नाम आरोपी के तौर पर सामने आया था। कई अन्य लोग भी शामिल थे।

### संजय सिंह गिरफ्तारी से पहले बोले: 'मरना मंजूर है, डरना नहीं'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को



दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने करीब दस घंटे की पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की है। ईडी बुधवार सुबह से ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह के दिल्ली आवास पर छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तारी से ऐन पहले संजय सिंह का वीडियो सामने आया है। जिसमें उन्होंने आप कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि 'मरना मंजूर है, डरना नहीं। वहीं उनकी पत्नी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है।

संजय सिंह की पत्नी ने कहा कि जांच एजेंसी ने कार्रवाई का कोई आधार नहीं बताया। उन्हें संजय को गिरफ्तार करना था, ऊपर से दबाव था...वो कर लिया। पूरा घर छाना, कंप्यूटर छाना, डॉक्यूमेंट छानी, पर कुछ नहीं मिला।

## उत्तरी सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई भीषण बाढ़, सेना के 23 जवान लापता, तलाश जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिक्किम के उत्तरी क्षेत्र में ल्होनक झील के उपर अचानक बादल फटने से लाचेन घाटी में स्थित तीस्ता नदी में आए उफान के कारण आस पास के क्षेत्र जलमग्न हो गए जिसकी चपेट में कुछ सैन्य प्रतिष्ठान आने से 23 सैनिकों के लापता होने की खबर है। सेना के अनुसार चंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण भी जलस्तर 15 से 20 फुट बढ गया । इसके कारण निकट के सैन्य प्रतिष्ठानों में खड़े सैन्य वाहन पानी और कीचड़ की चपेट में आ गए। इन प्रतिष्ठानों में तैनात 23 सैन्यकर्मियों के लापता होने की खबर है।

सेना की ओर से कहा गया है कि अभी घटना के बारे में विस्तृत ब्योरे की प्रतीक्षा की जा रही है। लापता सैनिकों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सेना ने बताया है कि डिक्चू और टूंग में दो बांधों के भी क्षतिग्रस्त होने की खबर मिली है। सीमा सड़क संगठन के कर्मचारी क्षेत्र में फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान चला रहे हैं।

## प्रदेश कांग्रेस ''झंडा लगाओ–सामने आओ अभियान'' शुरु करेगी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने घोषणा की है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी दिल्ली में बड़े पैमाने पर ''झंडा लगाओ–सामने आओ अभियान'' शुरु करेगी। अरविन्दर सिंह लवली आज चॉदनी चौक लोकसभा के अंतर्गत आने वाले दोनो जिलां चॉदनी चौक व आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, ब्लाक अध्यक्षों की सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ''झंडा लगाओ – सामने आओ अभियान'' की शुरुआत वो स्वयं अपने घर से करेंगे और उसी दिन दिल्ली के सभी पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक भी इस अभियान के तहत अपने–अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाऐंगे। बैठक का संचालन वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक श्री मुकेश शर्मा ने किया।

## आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में जब बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया जा रहा था, तो उस समय सबसे पहले आर्य समाज ने घर वापसी कराकर उसका जवाब दिया था। वहीं अंग्रेजों ने जब भारतीयों पर तुष्टीकरण की नीति को थोपा । तब आर्य समाज ने देश में वैदिक आंदोलन की शुरुआत की। आर्य समाज भारत का जीवंत आंदोलन रहा है। एक समय था बस्ती से लेकर कराची तक आर्य समाज का बोलबाला था।सीएम योगी ने बुधवार को एक निजी होटल में आर्य समाज बस्ती द्वारा आयोजित आर्य समाज के स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वदेशी और अछूतोद्धार के कार्यक्रम को आर्य समाज ने आगे बढ़ाया। आर्य समाज के आंदोलनों ने अनेक क्रांतिकारी दिए। काकोरी एक्शन के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल आर्य समाज की ही देन थे, जो एक प्रचारक के रूप में सांझापुर में कार्य करते थे। उस समय का हर क्रांतिकारी आर्य समाज के साथ जुडक़र गौरवान्वित महसूस करता था।

## आतंकी शाहनवाज का कबूलनामा, बड़े मंदिरों–उत्तर भारत में हमले की साजिश रच रहा आईएस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल द्वारा गिरफ्तार तीन लाख के इनामी आतंकवादी शाहनवाज ने पूछताछ में कई अहम जानकारियां दी है। मुहम्मद शाहनवाज ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबे को लेकर बड़ा खुलासा किया है। स्पेशल सैल के सूत्रों के अनुसार गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले का सरगना फरतुल्ला गौरी इन तीनों के साथ लगातार संपर्क में था।हमले की पूरी प्लानिंग पाकिस्तान में बैठे आईएसआईएस के आकाओं ने की थी। पूछताछ में पता चला है कि शाहनवाज और उसके मॉड्यूल के सदस्य विदेश में बैठे हैंडलर्स के निर्देशों पर दिल्ली समेत उत्तर भारत में आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। वे देश के बड़े मंदिरों को भी निशाना बनाने वाले थे। बता दें कि सोमवार को पुलिस ने शाहनवाज समेत तीन लोगों को पकड़ा था। इन तीनों पर तीन–तीन लाख का इनाम घोषित था।

## प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने को सरकार प्रयासरत : धामी

### रोजगार और उत्तराखंड के आधारभूत ढांचे को विकसित करने में औद्योगिक निवेश आवश्यक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** दिसंबर में उत्तराखंड में प्रस्तावित इन्वेस्टर समिट के आयोजन को लेकर दिल्ली में रोड शो का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में एक साल के अंदर 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री के इस विजन को साकार करने में हम भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार ही नहीं बल्कि उत्तराखंड के आधारभूत ढांचे को विकसित करने में भी औद्योगिक निवेश अत्यंत आवश्यक है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हमने उत्तराखंड में ''ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट'' आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात की भांति उत्तराखण्ड में ऐसी शुरुआत की गई है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा उत्तराखण्ड को औद्योगिक पैकेज स्वीकार किये जाने से राज्य में औद्योगिक वातावरण के सृजन में मदद मिली। 2014 से पूर्व के कुछ वर्षों में यद्यपि इसमें कुछ व्यवधान रहा, किन्तु 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है तथा 1.50 लाख करोड़ की विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखण्ड विश्वस्तरीय पसंदीदा पर्यटन गंतव्य बन रहा है। अब तक राज्य में 44 लाख लोग चार धाम यात्रा पर आ चुके हैं। कांवड़ यात्रा में इस वर्ष 4.15 करोड़ शिव भक्त आये जबकि गत वर्ष यह संख्या 3.75 करोड़ रही थी। पर्यटन सीजन में राज्य के सभी होटल, होम स्टे आदि की फुल बुकिंग रही, यह राज्य के पर्यटन के लिये निश्चित रूप् से शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिल्ली में रोड शो के दौरान संबोधित करते हुए।

हमारा प्रयास पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है, इसके लिये सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटि आदि पर ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से लन्दन एवं बर्मिंघम के रोड शो के दौरान 400 से अधिक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, उससे यह सिद्ध होता है कि देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी उद्यमी उत्तराखंड में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ हमारा प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण, ऑटो कम्पोनेन्ट विनिर्माण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे अनेकों क्षेत्रों में निवेश हेतु औद्योगिक जगत का एक पसंदीदा स्थल भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लाइसेंस आदि के अनुमोदनों के लिए ''सिंगल विंडो सिस्टम'' की व्यवस्था में सुधार किया गया है।

इस आयोजन हेतु राज्य के लिये फोकस सैक्टरों की पहचान की है जिनमें राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे पर्यटन, आयुष, वेलनेस, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाईल्स, फार्मा के साथ-साथ वैकल्पिक ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र सम्मिलित हैं। इन फोकस सैक्टर्स की आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु भूमि और आधारभूत संरचनाओं की पहचान की है, जिसके अंतर्गत राज्य में 6 हजार एकड़ से अधिक के एक विशिष्ट लैंड बैंक की स्थापना की गई है। सचिव मुख्यमंत्री श्री आर मीनाक्षी सुंदरम ने अपने संबोधन में उत्तराखंड को आर्थिक रूप से सक्षम राज्य बताते हुए देश भर के उद्यमियों को उत्तराखण्ड में निवेश के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर-खण्ड का वातावरण उद्योगों के सर्वथा अनुकूल है।

इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, विनय शंकर पांडेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

## देहरादून मास्टर प्लान: अब भूकंप रेखा से 30 मीटर तक निर्माण पर रोक, शासन ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में भूकंप के बढ़ते खतरों के बीच मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने नए डिजिटल मास्टर प्लान में दून से गुजर रही भूकंप रेखा से 50 मीटर दूरी तक भवनों के निर्माण पर पाबंदी लगाई है। यह पहला अवसर है, जब दून के मास्टर प्लान में फ्रंटलाइन एरिया को चिह्नित कर निर्माण को रोकने की पैरोकारी की गई। प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगाकर 50 मीटर की दूरी को कम करते हुए 30 मीटर पर अपनी सहमति दे दी है।



देहरादून भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। यहां पर राजपुर रोड, सहस्त्रधारा और शहंशाही आश्रम से मेन बाउंड्री थ्रस्ट फाल्ट लाइन और मोहंड के आसपास के इलाके से हिमालयन फ्रंट थ्रस्ट फाल्ट लाइन गुजरती है। दून घाटी में 29 अन्य भूकंपीय फाल्ट लाइनें भी हैं। यहां पर बने मकानों पर भूकंप का खतरा हमेशा मंडराता रहता है।

इसके मद्देनजर पहली बार एमडीडीए ने फाल्ट लाइन प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण को रोकने की तैयारी की है। इन इलाकों में भूकंप रेखा के चारों तरफ 30 मीटर तक निर्माण नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा निकटवर्ती क्षेत्रों में बहुमंजिला भवन बनाने पर भी रोक रहेगी। इसका प्रस्ताव चीफ टाउन प्लानिंग विभाग की ओर से शासन में रखा गया। शासन भी इस पर सहमत है।

मुख्य भूकंप रेखा वाले क्षेत्र ही नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजर रहीं 29 अन्य भूकंपीय फाल्ट लाइनों के आसपास भी यही नियम लागू रहेगा। एमडीडीए ने इन सभी क्षेत्रों को फ्रंटलाइन एरिया के तौर पर चिह्नित किया है। चीफ टाउन प्लानर शशि मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि फ्रंटलाइन एरिया के आसपास 50 मीटर क्षेत्र में निर्माण पर रोक लगाई गई थी। व्यावहारिक कारणों से इसे 30 मीटर किया गया है। इसके अलावा निकटवर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तीन मंजिल के मकान बन सकेंगे।

पृथ्वी की सतह पर एक लंबी दरार है। भूकंप भी आमतौर पर इसी फॉल्ट लाइन के बीच किसी हलचल से आता है। जब प्लेट टकराती हैं तो घर्षण की वजह से ऊर्जा बाहर निकलने की कोशिश करती है। इससे होने वाली हलचल से भूकंप आता है। देहरादून के बीच से यह भूकंप रेखा या फाल्ट लाइन गुजरती है।

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अब 603 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर, सरकार ने बढ़ाई सबसिडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने त्यौहारी सीजन में उज्ज्वला योजना के लाभर्थियों को बड़ी सौगात दी है। सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर पर मिलने वाली सबसिडी को 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया है। यह फैसला बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि उज्ज्वला लाभार्थी फिलहाल 14.2 किलोग्राम वाले छर्ढ सिलेंडर के लिए 703 रुपए देते हैं, जबकि इसका बाजार मूल्य 903 रुपए है। लेकिन केंद्र सरकार ने अब उज्ज्वला के तहत मिलने वाली सबसिडी को 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए कर दिया है। ऐसे में अब इन लाभार्थियों को गैस सिलेंडर 603 रुपए में मिलेगा।

बता दें कि 35 दिन के भीतर रसोई गैस सिलिंडर पर ये सरकार का दूसरा बड़ा फैसला है। इससे पहले 29 अगस्त को हुई केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में सरकार ने रसोई गैस सिलिंडर के दाम 200 रुपए कम करने का फैसला लिया था। इस फैसले का लाभ उज्ज्वला लाभार्थियों समेत देश के सभी छर्ढ उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

### ममता बनर्जी का भाजपा पर आरोप, कहा

## केंद्र ने बंगाल की आवाज दबाने के लिए सभी हदें की पार

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया, "अब केंद्र सरकार बंगाल की आवाज को दबाने के लिए सभी हदें पार कर चुकी है।" सुश्री बनर्जी ने मंगलवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, "आज लोकतंत्र के लिए एक काला, भयावह दिन है, एक ऐसा दिन जब भाजपा ने बंगाल के लोगों के प्रति अपने तिरस्कार, गरीबों के अधिकारों की उपेक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के पूर्ण परित्याग का खुलासा किया।"



उन्होंने कहा, "सबसे पहले, निर्दयतापूर्वक बंगाल के गरीबों के लिए महत्वपूर्ण धनराशि रोक दी और जब हमारा प्रतिनिधिमंडल शांतिपूर्वक विरोध करने और हमारे लोगों की दुर्दशा पर ध्यान आकर्षित करने के लिए दिल्ली पहुंचा, तो उनके साथ पहले राजघाट पर और फिर कृषि भवन में क्रूरता की गई।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "भाजपा की मजबूत भुजा के रूप में कार्य करते हुए दिल्ली पुलिस ने बेशर्मी से हमारे प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिन्हें जबरन हटा दिया गया और आम अपराधियों की तरह पुलिस वैन में ले जाया गया, क्योंकि उन्होंने सत्ता के सामने सच बोलने का साहस किया।" सुश्री बनर्जी ने कहा, "उनके अहंकार की कोई सीमा नहीं है और उनके अभिमान और अहंकार ने उन्हें अंधा कर दिया है।"

# नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराएं : एडीएम



चमोली : मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन से संबधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिसमें नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन हेतु संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया है। मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण संशोधन एवं परिवर्तन से संबधित अभी भी कोई सुझाव या प्रस्ताव बाकी है, तो तत्काल उपलब्ध करें। सभी एसडीएम तहसील स्तर पर जन प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए नए मतदेय स्थलों का पुनः पुनरीक्षण करें। इस दौरान बताया कि राजनैतिक दलों से अब तक प्राप्त प्रस्तावों और मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के बाद मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, संशोधन एवं परिवर्तन से संबधित कुल 45 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिसमें मतदेय स्थल की पैदल दूरी दो किमी से अधिक होने के कारण 20, एक ही भवन में संचालित दो मतदेय स्थलों में मतदाताओं की संख्या 1500 से कम होने पर समायोजित हेतु 02, किसी कारण से मतदेय स्थल के नाम में परिवर्तन होने पर 05, वर्तमान मतदेय स्थल क्षतिग्रस्त होने पर 12 और मतदाताओं की सुविधा हेतु किसी अनुभाग को दूसरे अनुभाग में शामिल करने हेतु 06 प्रस्ताव शामिल है।

## भाजपा का बूथ सत्यापन अभियान जोरों पर

चमोली : थराली में भारतीय जनता पार्टी का बूथ सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता लगातार बूथों एव शक्ति केन्द्रों पर जाकर संगठन से जुड़े कार्यकताओं का सत्यापन कर रहे है। भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदू बहुगणा ने बताता कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को इस कार्य में लगाया गया है। कार्यक्रम के तहत बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए नए कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा जा रहा है। बड़ी संख्या में युवा पार्टी से जुड़ रहे है। बहुगुणा ने बताया कि कार्यकर्ताओं के सत्यापन के दौरान कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर, शक्तिकेन्द्रों, मंडलो एव विभिन्न आनुसागिक संगठनों की भी जिम्मेदारी दी जा रही है। उनके मोबाइल नम्बरो सहित अन्य सूचनाओं को अपडेट कर उन्हें सीधे पार्टी मुख्यालय से जोड़ा जा रहा है। (एजेंसी)



## दून पुलिस बनी प्रादेशिक फुटबाल प्रतियोगिता की चैंपियन

देहरादून। 21वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय/वाहिनी पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब देहरादून पुलिस ने अपने नाम किया। विजेता टीम में शामिल कर्मी बुधवार को ट्राफी के साथ एसएसपी अजय सिंह से मिले। उन्होंने ने भी विजेता टीम की हौसला अफजाई की। 30सितंबर से लेकर 3अक्तूबर तक 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार में यह प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रदेश से कुल 13 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में देहरादून पुलिस की टीम ने हरिद्वार पुलिस की टीम को 3–0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

# कपिल देव का 50 लाख का मकान कुर्क



देहरादून। नशा तस्कर ने 29 साल की उम्र में अपराधिक वारदातों को अंजाम देकर उससे कमाई कर पचास लाख रुपये मकान बना लिया। नशा तस्करी, चोरी और लूट की कमाई से बनाए गए आरोपी के मकान को पुलिस ने कुर्क कर दिया।

आरोपी पर गैंगस्टर में कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी से अनुमति लेकर पुलिस ने इस कार्रवाई को मंगलवार देर रात अंजाम दिया।

आरोपी के चीड़ोवाली, कंडोली स्थित मकान को कुर्क किया गया। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि कपिल देव (29) निवासी राजीवनगर, तरली कंडोली अपने गैंग सदस्य प्रखर द्विवेदी के साथ मिलकर अपराधिक वारदात करता है। उसके खिलाफ नशा, तस्करी, चोरी, लूट, घर में घुसकर जानलेवा हमले की धाराओं में कुल छह मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की हिस्ट्रीशीट तैयार करते हुए रायपुर थाना पुलिस ने कपिल और उसके साथी पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया। जानकारी जुटाई तो पता लगा कि अपराधिक संपत्ति के जरिए उसने 50 लाख रुपये कीमती का यह मकान चीड़ोवाली, कंडोली में बनाया हुआ है। जिसे कुर्क करने की रिपोर्ट डीएम कोर्ट में भेजी गई।

## साक्ष्यों के अभाव में छेड़खानी का आरोपी कोर्ट से बरी

देहरादून। नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ के आरोपी पिता को कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। पति ने एक युवक के खिलाफ बेटी को भगा ले जाने का केस दर्ज कराया गया था। इसके बाद वह पुलिस को मिली तो उसने पिता को कटघरे में खड़ा करते आरोप लगाए थे। करीब एक साल के ट्रायल के बाद पोक्सो कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। अधिवक्ता आशुतोष गुलाटी ने बताया कि जुलाई 2022 में एक व्यक्ति ने थाना रायपुर में केस दर्ज कराया। कहा कि उसकी बेटी को नितेश नाम का लड़का भगा ले गया है। पीड़िता बरामद हुई तो उसने पिता पर सवाल उठाए। मजिस्ट्रेटी बयान में कहा कि पिता उसके साथ छेड़खानी करते हैं और उसे बेचना चाहते हैं। आरोपी पिता के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो की धाराओं में पुलिस ने चार्जशीट फाइल की। न्यायालय में बचाव पक्ष ने सवाल किए तो पीड़िता ने माना कि उसका विवाह अप्रैल 2022 में हो गया था। वह अपने ससुराल से एक महीने बाद भागकर आ गई थी।

# 6 अक्तूबर से ऋषिकेश में प्रदर्शित होगी गढ़वाली फिल्म पोथली



ऋषिकेश। प्रज्व्ल फिल्म प्रोडक्शन द्वारा निर्मित उत्तराखंडी फीचर फिल्म पोथली छह अक्तूबर से ऋषिकेश में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म पिता के बेटी को न्याय दिलाने के संघर्ष की कहानी है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा ने फिल्म के पोस्टर का लोकार्पण किया। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के देहरादून रोड स्थित कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में फिल्म पोथली के पोस्टर का लोकार्पण महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी, महामंत्री उत्तम असवाल, फिल्म निर्देशक रवि ममगाईं, समाजसेविका सीता पयाल और रोशन उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया। फिल्म निर्माता निर्देशक रवि ममगाईं ने कहा कि फिल्म पोथली देवभूमि में बालिकाओं पर बढ़ रहे अपराध एवं अत्याचार की सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म अब तक देहरादून, कोटद्वार, पौड़ी एवं श्रीनगर में सफलतम प्रदर्शन कर चुकी है। डॉ. राजे नेगी ने कहा कि इस फिल्म का छह अक्तूबर से रोजाना एक शो सुबह 10:45 बजे से ऋषिकेश के रामा पैलेस सिनेमा हॉल में प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म में मुख्य भूमिका में गोकुल पंवार, बृजेश भट्ट, इंदु भट्ट, रामरवि, सते सिंह पटवाल, नवल सेमवाल, बबिता महंत, योगेश सकलानी हैं। फिल्म के गीत मीना राणा एवं जितेंद्र पंवार और संगीत वी कपूर द्वारा दिया गया है।

## एक नजर

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिताएं सम्पन्न

चमोली : मेहलचौंरी संकुल की प्राथमिक विद्यालयों की दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गयी। इन क्रीड़ा प्रतियोगिताओं ने नौनिहालों ने अपना दम खम दिखाया। प्रावर्ग लोक नृत्य में राप्रावि रामड़ा तल्ला प्रथम, कबड्डी में राप्राावि रामड़ा तल्ला, 50 मी दौड़ में विपिन गंगा पब्लिक स्कूल, बालिका केबीएस पब्लिक स्कूल, लोक नृत्य जूनियर में केबीएस पब्लिक, मार्च पास्ट में भी केबीएस पब्लिक, 400 मी गंगा पब्लिक स्कूल, बालिका में केबीएस पब्लिक, लम्बी कूद तनिष्का राप्राावि सिमली, सुलेख सूरज राउप्राावि कल्याणा ने पहला स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ ज्येष्ठ उपप्रमुख प्रभावती देवी ने किया।

### युवती की फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड किए

देहरादून( । युवती से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर आरोपी ब्लैकमेल करने लगा। युवती ने दूरी बना ली और ब्लॉक कर दिया। आरोपी ने युवती के नाम से फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उस पर अश्लील फोटो वायरल कर दिए। अब आईडी को बंद करने के लिए 50 हजार रूपये की मांग की जा रही है। आरोपी युवती को उसकी बहन को उठाने की धमकी भी दे रहा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर डालनवाला राजेश साह ने बताया कि युवती करनपुर में काम करती है। उसे वर्ष 2020 में शिवा राजपूत नाम के एक युवक की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। इसे उसने स्वीकार कर लिया और दोनों आपस में बात करने लगे। फोन नंबर भी शेयर हो गए। इस बीच वह उसे ब्लैकमेल करने लाग। इस पर साल 2021 में युवती ने अपने फोन नंबर बंद कर दिए। आरोपी को सोशल मीडिया साइट पर ब्लॉक कर दिया। कुछ दिन बाद शिवा राजपूत ने युवती की फेसबुक की फोटो ली और उन्हें एडिट कर अश्लील बना दिया। तब से वह उसे ब्लैकमेल कर रहा है। पिछले दिनों उसने युवती के नाम से एक फेसबुक आईडी बनाई और उसका लिंक युवती के नाते रिश्तेदारों को फॉरवर्ड कर दिया। इसमें उसकी तमाम फोटो अश्लील बनाई गई थीं।

### एम्स ऋषिकेश में भर्तियों पर कांग्रेस ने फिर उठाए सवाल

देहरादून। कांग्रेस ने एम्स ऋषिकेश में नर्सिंग स्टॉफ भर्तियों पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के मुताबिक एम्स में नर्सिंग स्टॉफ की भर्ती के लिए गुजरात की एक ब्लैक लिस्ट कंपनी का चयन किया गया। बुधवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में करन माहरा ने कहा कि एम्स ऋषिकेश में राजस्थान के छह सौ से अधिक युवाओं को नियुक्ति दी गई,

# भाजपा सरकार ने गरीब वर्ग का उत्थान किया: अग्रवाल



ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी के देश की कमान संभालने के बाद गरीब वर्ग का उत्थान हुआ है। प्रदेश की धामी सरकार भी लगातार विकास कार्य कर रही है। बुधवार को नई जाटव बस्ती में सेवा पखवाड़े के तहत बस्ती सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, करीब 11.88 करोड़ लोगों को नल से जल, स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया। मोदी सरकार में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। देश में लगभग 48.27 करोड़ जन–धन खाते खोले गए। पीएम आवास योजना के तहत लगभग तीन करोड़ से अधिक आवास दिए गए। देश में करीब 37 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बने हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6 हजार रुपये सालाना दिये जा रहे हैं। राज्य की धामी सरकार का पूरा ध्यान विकास पर है। इस दौरान मंत्री ने नई जाटव बस्ती की गली संख्या दो में लगभग 150 मीटर जीर्णशीर्ण सड़क का जीर्णोद्धार विधायक निधि से करने की घोषणा की। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राम किशन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, शंभू पासवान, दिनेश सती, श्याम किशोर, निशा सिंह, अनिता तिवाड़ी, सीमा रानी, ज्योति पांडेय, पार्षद शिव कुमार गौतम, अभिनव पाल, जगावर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नफरत नहीं रोजगार दो विषय पर संगोष्ठी आयोजित

देहरादून। साहित्यकार और आंदोलनकारी त्रेपन सिंह चौहान की जयंती के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला में बुधवार को नफरत नहीं रोजगार दो विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने नफरत की राजनीति को फैलाने का प्रयास करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में निर्दोष लोगों को बार– बार धर्म के आधार पर निशाना बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से राज्य की छवि खराब हो रही है। इसके अलावा सरकार पर इन्वेस्टर समिट के नाम पर कॉरपोरेट घरानों को बड़ी सब्सिडी देने का आरोप लगाया। सभी ने हाल ही की गई पत्रकारों की गिरफ्तारी की निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि त्रेपन सिंह चौहान कई जन संघर्षों से जुड़े थे।

# डेंगू के प्रकोप को नियंत्रित करने में सरकार असफलः कांग्रेस

विकासनगर। प्रदेश भर में डेंगू, मलेरिया के बढ़ते मामलों पर नियंत्रण लगाने में असफल होने का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ने तहसील मुख्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की राजधानी वाले देहरादून शहर में ही डेंगू का प्रकोप हर दिन बढ़ता जा रहा है।

पछवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी कपरूवाण अग्रवाल ने बताया पछुवादून में दिन प्रतिदिन डेंगू विकराल रूप लेते जा रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। पछवादून में कोई ऐसा परिवार नहीं है जिसके परिचित या घर में कोई डेंगू से पीड़ित ना हो। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जरूरी आम मुद्दों से मुंह मोड़कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं और जनता को उनके हाल पर ज्यूं का त्यूं छोड़ दिया है। प्रशासन द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए जरुरी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि डेंगू से निपटने की कोई तैयारी न तो प्रशासन कर रहा है, न सरकार ही कोई कदम उठा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि सरकार डेंगू, मलेरिया की भयंकर बीमारी को महामारी घोषित कर जनता को तत्काल उपचार उपलब्ध कराए, जिससे लोगों की जिंदगी बचाई जा सके। बताया कि सेलाकुई–लांघा रोड औद्योगिक क्षेत्र में हजारों श्रमिक काम करते हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सड़कों और नालियों में पानी जमा रहता है, जिससे श्रमिक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

# प्रदेश में सात को मनाया जाएगा गढ़ भोज दिवस

देहरादून। उत्तराखंड में गढ़ भोज को पहचान दिलाकर इसको रोजगार का जरिया बनाने की पहल व्यापक रूप लेने लगी है। राज्य में दूसरा गढ़ भोज दिवस सात अक्तूबर को मनाया जाएगा। इस दिन स्कूलों के साथ ही सरकारी विभाग भी कार्यक्रम करेंगे। जाड़ी संस्था की ओर से देहरादून के ननूरखेड़ा स्थित राजीव गांधी नवदोय विद्यालय में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गढ़ भोज की शुरुआत वर्ष 2000 में हिमालय पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान ह्यजाड़ी के सचिव एवं गढ़ भोज अभियान के प्रणेता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने की। अभियान के प्रणेता द्वारिका सेमवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य पहाड़ी भोजन को पहचान दिलाने के साथ ही उसकी पौष्टिकता से लोगों को रूबरू करवाना है, ताकि यह पहाड़ के लोगों के आर्थिकी का माध्यम बन सके। बताया कि शुरुआती दौर में अभियान के तहत छोटे–छोटे कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्तरकाशी के पौराणिक माघ मेले में गढ़ भोज का स्टॉल लगाया गया, लेकिन अब यह अभियान व्यापक रूप लेने लगा है।

## शालीन भारतीय का चयन ब्रिटेन की लैंकस्टर यूनिवर्सिटी में होने पर खुशी

देहरादून। मसूरी के शालीन भारतीय अंग्रेज़ी साहित्य के अध्ययन के लिये ब्रिटेन के लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी में चयन हुआ है। शालीन भारतीय ने प्राथमिक शिक्षा मसूरी के कॉन्वेंट ऑफ जीसस एण्ड मैरी, हैम्पटन कोर्ट से प्राप्त की। दिल्ली विश्वविद्यालय से बीए अंग्रेज़ी ऑनर्स और पंजाब विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में एमए–एमफिल किया। अब ब्रिटेन की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी में मास्टर इन जेंडर स्टडीज एंड इंग्लिश में प्रवेश हो गया है। शालीन के पिता डॉ. प्रमोद भारतीय जो स्वयं एक साहित्यकार हैं,

# प्रकृति और वन्य जीव संरक्षण को और सजग होगी सेना




देहरादून। प्रकृति और वन्य जीवों के संरक्षण में सेना पहले के मुकाबले और अग्रणी भूमिका में शामिल होगी। सेना अभी जहां सूक्ष्म स्तर पर योगदान देती है तो टेरिटोरियल आर्मी अग्रणी भूमिका में रहती है। अब सेना की भूमिका को भी बढाया जाएगा। यह बात मंगलवार को दून पहुंचे सेना के मध्य कमान के जीओसी ले. जनरल राजा सुब्रमणि ने कही। सेना के जन संपर्क अधिकारी देहरादून ले. कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यालय सेंट्रल कमांड के संयोजन मे वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत क्लेमनटाउन स्थित गोल्डन–की डिवीजन में तीन से चार अक्तूबर तक प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण में सशस्त्र बलों की भूमिका पर सेमिनार किया जा रहा है। सेमिनार में लेफ्टिनेंट जनरल (डा.) वीके अहलूवालिया (सेवानिवृत्त), निदेशक वाडिया इंस्टीट्यूट डा. कालाचंद साईं, हिमालय भू–विज्ञान पर अध्ययन करने वाले डॉ. दीपक आप्टे, डा. गिरीश जठार, डा. रजत भार्गव, सतीश प्रधान, डा. सरोज बारिक, डा. विष्णुप्रिया कोलिपाकम और कर्नल प्रकाश तिवारी अपने विचार साझा करेंगे।

# राजन सूद बने बार एसोसिएशन की शतरंज प्रतियोगिता के चैंपियन



देहरादून। बार एसोसिएशन देहरादून की स्व. अमित पोखरियाल एडवोकेट शतरंज प्रतियोगिता का खिताब अधिवक्ता राजन सूद ने कब्जाया। उन्होंने अधिवक्ता हसन मंसूर को हराकर खिताब अपने नाम किया। बार एसोसिएशन देहरादून के विधि भवन में चल रही तीन दिवसीय प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। समापन पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा शामिल हुए। उन्होंने विधि भवन में हुए इस आयोजन की सराहना की। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए। प्रतियोगिता में प्रवीण रावत तीसरे स्थापन पर रहे।

## रोडवेज बसों में प्रचार–प्रसार उठाए सवाल

देहरादून। रोडवेज बसों में प्राइवेट कंपनियों के प्रचार–प्रसार पर सवाल उठने लगे हैं। मोहनपुर प्रेमनगर की समाजसेवी गीता बिष्ट ने आरटीओ से इसकी शिकायत की है। शिकायती पत्र में उन्होंने कहा कि किसी भी वाहन में लिखना नियम विरुद्ध है। यदि किसी प्राइवेट वाहन में पद, नाम या किसी कंपनी का नाम लिखा होता है तो पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी वाहन स्वामी का चालान कर देते हैं, लेकिन रोडवेज बसों में खुलेआम कंपनियों का प्रचार–प्रसार किया जा रहा है,

# मर्चेंट नेवी में नौकरी का झांसा देकर 4.20 लाख रूपये ठगे

देहरादून। मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4.20 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपी ने पीड़ित के एक दोस्त की फोटो व्हाट्सएप डीपी पर लगाकर बात की थी। झांसे में आकर उसने दो युवकों की नौकरी लगवाने के नाम पर यह रकम आरोपी के खाते में जमा कर दी। जब उससे रुपये वापस मांगे तो पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी गई। कैंट थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कैंट संपूर्णानंद गैरोला ने बताया कि ठगी को लेकर पवन कुमार गुरुंग ने तहरीर दी। पवन कुमार जहाज पर काम करते हैं। वह प्लेसमेंट एजेंसी भी चलाते हैं। पवन की मुलाकात चार साल पहले सचिन नाम के मर्चेंट नेवी के कर्मचारी से जहाज पर हुई थी। एक दिन सचिन ने फेसबुक मैसेंजर से मैसेज भेजकर व्हाट्सएप नंबर मांगा। पवन ने अपना नंबर दे दिया। कुछ दिन बाद एक नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज आया। इस नंबर की डीपी पर सचिन का फोटो लगा था। यह सोचकर कि नंबर सचिन का है वह उससे बात करते रहे। एक दिन उसने दो युवकों की मर्चेंट नेवी में नौकरी लगाने की बात कही। उसकी बातों में विश्वास कर पवन कुमार ने दो युवकों को तैयार कर लिया। इसके लिए शैक्षिक प्रमाण पत्र आदि भी मंगवाए।

नौकरी के लिए कुल सात लाख रुपये में बात हुई। दोनों के मेडिकल प्रमाणपत्र भी व्हाट्सएप पर भेज दिए गए। कुछ दिन बाद इस नंबर से पवन कुमार को दोनों युवकों के कॉल लेटर भी भेज दिए गए। इसकी एवज में कुल 4.20 लाख रुपये विभिन्न खातों में जमा करा दिए गए। तय स्थान पर नौकरी को गए तो लैटर फर्जी निकले।

## पाबौं में जरूरतमंदों की नि:शुल्क होगी फिजियोथैरेपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पाबौ ब्लाक में जरूरतमंदों के लिए फिजियोथैरेपी की सुविधा निःशुल्क मिलनी शुरू हो गई है। द हंस फाउंडेशन और हेल्पेज इंडिया की ओर से पाबौ में विधिवत रूप से इसका उद्घाटन हो गया है।

पाबौ ब्लॉक मुख्यालय में बुधवार को द हंस फाउंडेशन और हेल्पेज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक सुविधाओं से लैस फिजियोथैरेपी अस्पताल का उद्घाटन हो गया है। बीडीओ टीएस रावत ने विधिवत रूप से अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे जरूरतमंदों के लिए बेहद अहम बताया। कहा कि बुजुर्गों के लिए फिजियोथैरेपी किसी वरदान से कम नहीं है। आज हर वर्ग को इस थैरेपी की जरूरत पड़ रही है। उन्होंने द हंस फाउंडेशन और हैल्पेज इंडिया की पहल को सराहनीय बताया। इस मौके पर हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख चैतन्य उपाध्याय ने कहा कि शरीर के एक हाथ का लकवा, एक हिस्से का लकवा, हाथ व पैर का लकवा, चेहरे का लकवा तथा गठिया, जोड़ो व कमर दर्द आदि का इलाज संस्थानों द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान हरेन्द्र कोहली, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र नौटियाल, डॉ. पंकज सिंह, मौसम अंसारी, प्रवीण राय, विवेक पाठक, अमित रावत आदि शामिल रहे।

# लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक-युवती स्मैक के साथ गिरफ्तार

- उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से खरीदकर क्षेत्र के युवाओं को बेचते थे स्मैक
- युवक-युवती से पूछताछ के बाद बरेली दबिश की योजना बना रही पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक व युवती को पुलिस ने 23.85 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस बुलेट बाइक को भी सीज कर दिया है जिसमें दोनो युवक-युवती संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। दोनों उत्तर प्रदेश के बरेली से स्मैक खरीदकर उसे महंगे दामों में क्षेत्र के युवाओं को बेचा करते थे। पुलिस बरेली में दबिश देने की भी योजना बना रही है। इसके लिए पुलिस की विशेष टीम गठित की जा रही है।

पुलिस को सूचना मिली कि देवरामपुर के कंडी मार्ग में पुल के समीप एक युवक व युवती काले रंग की बुलेट में संदिग्ध अवस्था में घूम रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव व सीआईयू प्रभारी अकरम के नेतृत्व में गठित टीम मौके पर पहुंची और युवक-युवती की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को युवक-युवती के पास से स्मैक बरामद हो गई। युवक-युवती की पहचान झूलाबस्ती निवासी बंटी चंद्रा व साक्षी के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में युवक-युवती ने बताया कि वह लंबे समय से लिव–इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं।

कहा कि अपने खर्चे चलाने के साथ ही बड़े-बड़े शौक पूरे करने के लिए उन्होंने नशा तस्करी का रास्ता अपनाया है। बताया कि वह बरेली में अम्मा नामक एक महिला से स्मैक लेकर आते हैं और उसे क्षेत्र के युवाओं को महंगे दामों में बेचते हैं। वह दोनों खुद भी नशे के आदि हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ के बाद बरेली में अम्मा नामक महिला के ठिकाने पर भी दबिश देने की तैयारी की जा रही है। युवक-युवती से बरामद स्मैक की कीमत करीब तीन लाख रुपये की बताई जा रही है।


पुलिस हिरासत में पकड़े गए युवक व युवती ।

## 14 अक्टूबर को होंगे बिड़ला परिसर में छात्र संघ चुनाव

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में छात्र संघ चुनाव 2023-24 के लिए अधिसूचना जारी हो गई है।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. ओके बेलवाल ने चुनाव अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि छात्र संघ चुनाव के लिए 14 अक्तूबर को प्रातः 8 बजे से अपराह्न दो बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतगणना और मतगणना के तुंरत बात चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रो. बेलवाल ने बताया कि छात्र संघ चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य, छात्रा प्रतिनिधि व विवि छात्र संघ प्रतिनिधि के पदों पर होंगे। कहा कि छह अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक व 7 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नामांकन की तिथि रखी गई है। 8 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे से अपराह्न नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 अक्तूबर को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नामांकन वापसी और इसी दिन अपराह्न 2 बजे बाद प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जाएगी। 14 अक्तूबर को मतदान के बाद मतगणना व इसी दिन मतगणन समाप्त होने के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 अक्तूबर को प्रातः 11.30 बजे एसीएल हॉल में निर्वाचित प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। मौके पर मुख्य नियंता प्रो. बीपी नैथानी, प्रो. अतुल ध्यानी, प्रो. आरएस कुंवर, डा. गौतम नैथानी, डा. एससी सती, डा. राकेश नेगी, डा. किरण वर्मा, डा. अरूण शेखर बहुगुणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## स्ट्रीट लाइन की गुणवत्ता की हो जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पार्षदों ने नगर निगम की ओर से वार्डों में लगाई गई स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग की है। कहा कि अधिकांश वार्डों में स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है।

बुधवार को पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। पार्षद राकेश बिष्ट ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व निगम की ओर से वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में यह पूरी तरह खराब पड़ी हुई हैं। पार्षद सौरभ नौटियाल ने कहा कि पूर्व में शिकायत के बाद भी नगर निगम व्यवस्था में सुधार नहीं कर रहा। कई बार ठीक करने के बाद भी लाइट दोबारा खराब हो जाती है। ऐसे में इसकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए।

# दीक्षांत व सिमरन दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : संकुल ढौंटियाल की शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सौ मीटर दौड़ में दीक्षांत व सिमरन ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी गई।

आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत सदस्य कर्तिया विनीता ध्यानी, धीरेंद्र पटवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। संकुल ढौंटियाल की ओर से प्रभारी सुदीप आर्य व खेल समन्वयक भूपाल सिंह गुसाईं द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत बैज अलंकृत कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विगत वर्षों में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के विविध कार्यक्रमों में अव्वल रहे राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटड़ी के जिला स्तर पर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में अक्षान्त मलणगांव प्रथम, दीक्षान्त मलणगांव द्वितीय एवं अखिल शाह कोटड़ी तृतीय रहे। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में दीक्षांत अक्षांत मलणगांव प्रथम द्वितीय एवं आयुष कण्डारी कोटड़ी तृतीय रहे। 100 मीटर बालिका दौड़ में सिमरन कोटड़ी प्रथम व सलौनी दरखास्तीखाल द्वितीय रहे। बालिका 200 मीटर में सलौनी दरखास्तीखाल, 200 एवं 400 मीटर बालक वर्ग में समर अन्दर गांव प्रथम, अक्षांत दीक्षांत मलणगांव द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो में फाइनल कोटड़ी ने गाड़ियों को 4-2 से परास्त किया। कबड्डी बालिका में गाड़ियों प्रथम स्थान पर रहे। जबकि बालिका कबड्डी कोटड़ी के नाम रही। खो-खो बालक अंदरगांव में कोटड़ी प्रथम, द्वितीय रहे। मानचित्र प्रतियोगिता में अक्षिता गुसाईं कोटड़ी प्रथम, अक्षिता रावत कोटड़ी द्वितीय रहे। वहीं दूसरी ओर सुलेख हिन्दी में अराध्या कोटड़ी प्रथम व ऋषभ दरखास्तीखाल द्वितीय रहे, सुलेख अंग्रेजी स्पेल में अक्षिता रावत कोटड़ी व आयुष कण्डारी क्रमशः कोटड़ी प्रथम व द्वितीय रहे। इंग्लिश जीनियस प्रतियोगिता में मयंक कोटड़ी व अक्षिता रावत प्रथम द्वितीय रहे। मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में दक्ष रावत चौडूडांडा प्रथम एवं मयंक रावत कोटड़ी द्वितीय रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों में अंदरगांव की टीम ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल व स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर डॉ. अम्बिका प्रसाद ध्यानी, बिष्णु पाल सिंह नेगी, योगेश आर्य, मनोज गुसाईं, लवली, मनोज घिल्डियाल, दिनेश पाठक, राजेश रावत, लक्ष्मी टम्टा आदि की मौजूदगी के साथ अदार सिंह गुसाईं, हेमलता जखमोला, कल्पना देवी आदि मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि

## कार्यशाला से अफसरों के गायब रहने पर भड़के डीएम

**पौड़ी** : ई-गवर्नेंस को लेकर आरएस टोलिया प्रशासनिक अकादमी नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय अफसरों के सापेक्ष अधीनस्थ कर्मचारियों के अधिक पहुंचने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यशाला से गायब अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। बुधवार को विकास भवन सभागार में ई-गर्वनेंस की कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि कार्यशाला में अधीनस्थ कर्मचारियों की संख्या अधिक है जोकि बहुत निदंनीय विषय है।

डीएम ने निर्देश दिए कि नदारद अफसरों को अब उनके अधीनस्थ कर्मचारियों से इस कार्यशाला का प्रशिक्षण लेना होगा और प्रशिक्षण के बाद मैं इस प्रशिक्षण में पूर्ण रूप से दक्ष हो गया हूं, का प्रमाण पत्र भी देना होगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन सूचना का अधिकार, सेवा का अधिकार, सिटीजन चार्टर व ई-ऑफिस पर विषय विशेषज्ञों द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सीडीओ अपूर्वा पांडे, डीडीओ मनविंदर कौर आदि मौजूद रहे।

## समर्थ पोर्टल में खराबी, आंदोलन की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ महासचिव शुभम सुयाल ने समर्थ पोर्टल में आ रही खराबी को ठीक करने की मांग की है। खराबी को दूर न करने की स्थिति में उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस संबध में महाविद्यालय प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि वर्तमान में सरकार द्वारा समर्थ पोर्टल के माध्यम से महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की गई है। छात्रों के परिचय पत्र भी आनलाइन डाउनलोड किए जा रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से पोर्टल संतोषजनक रूप से कार्य नहीं कर रहा है।

छात्रों के परिचय पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहे हैं। परिचय पत्र नहीं होने के कारण छात्रों को पुस्तकालय से पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। ज्ञापन में उन्होंने पोर्टल में आई खराबी को दो दिन के अंदर ठीक करने की मांग की है और ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन सौंपने वालों में मंदीप सिंह, अभिषेक अग्रवाल, आयुष, प्रियांशी रावत और डोना गुसांई सहित अन्य छात्र शामिल रहे।


कोटद्वार महाविद्यालय में प्राचार्या को ज्ञापन देते विद्यार्थी

## श्रीनगर में पैरोटिड ट्यूमर का किया सफल ऑपरेशन

**श्रीनगर गढ़वाल** : उप जिला अस्पताल में एक व्यक्ति के कान के अंदर बने पैरोटिड ट्यूमर का सफल ऑपरेशन करने में डॉक्टरों की टीम को सफलता मिली है। डॉक्टरों का कहना है कि यह एक प्रकार का जटिल ऑपरेशन होता है। उप जिला अस्पताल में पहली बार इस तरह का ऑपरेशन किया गया है। वरिष्ठ सर्जन डा. लोकेश सलूजा ने बताया कि नेपाल मूल के एक 50 वर्षीय व्यक्ति राजकुमार के कान के पास विगत आठ माह से एक गांठ बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि इसे उन्होंने अस्पताल के ईएनटी सर्जन डा. दिगपाल दत्त को दिखाया। जिस पर डा. दिगपाल ने उनकी एफएनसी जांच की। जांच में पैरोटिड ग्लॉड का ट्यूमर पाया गया जिसे प्लू कहते हैं। पुष्टि के लिए डा. रचित गर्ग ने मरीज का अल्ट्रासाउंड किया। जिसमें पैरोटिड ग्लॉड की पुष्टि हुई। 4 अक्तूबर को डा. लोकेश सलूजा, डा. दिगपाल दत्त व सिस्टर शीतल की टीम ने सफल ऑपरेशन किया। डा. सलूजा ने बताया कि अस्पताल में इस प्रकार का यह पहला ऑपरेशन था। उन्होंने बताया कि पैरोटिड का ट्यूमर खतरनाक होता है। क्योंकि मुंह की मुख्य नस पैरोटिड ग्लॉड के पास से होकर जाती है। इसलिए कुछ ईएनटी सर्जन ही इस तरह के ऑपरेशन को अंजाम देते हैं। (एजेंसी)

## ई-रिक्शा चालकों ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एक महिला पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए ई-रिक्शा चालकों ने तहसील में प्रदर्शन किया। कहा कि महिला पुलिस का प्रशासन का रौब दिखाकर रिक्शा चालकों से वसूली कर रही है।

बुधवार को ई-रिक्शा चालकों ने तहसील में प्रदर्शन किया। कहा कि महिला सात नंबर रूट के ई-रिक्शा चालकों को परेशान कर उनसे वसूली कर रही है। यह महिला स्वयं को स्टेंड रूट नंबर सात की प्रधान बता रही है। जबकि, यह महिला राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में भोजन माता के पद पर कार्यरत है। महिला का कहना है कि उसे पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों के प्रधान की जिम्मेदारी दी है। यह महिला पूर्व में कई ऑटो चालकों के साथ अभद्रता भी कर चुकी है। ई-रिक्शा चालकों ने महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते ई-रिक्शा चालक

## मशरूम और स्पॉन के क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाएं : पंवार

**जयन्त प्रतिनिधि**

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मंगलवार को 6 दिवसीय मशरूम की खेती एवं स्पॉन (बीज) उत्पादन, कौशल एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मशरूम लैब के उदघाटन के साथ किया गया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विवि के वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार ने विभागों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशिक्षण को रोजगार की दृष्टि से अहम बताया। उन्होंने कहा कि मशरूम की खेती एवं स्पॉन उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की कई संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण बताया। चौरास परिसर स्थित ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. आरएस नेगी ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्यमिता के क्षेत्र में स्पॉन व मशरूम उत्पादन से स्वरोजगार बढ़ाना है। कहा कि युवा इस क्षेत्र में जाकर मशरूम से तैयार होने वाले उत्पादों को भी आर्थिकी का जरिया बना सकते हैं। इस मौके पर प्रो. एनसी नैनवाल ने कहा कि किसानों, छात्रों और बेरोजगार युवाओं के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित कराए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम की खेती और स्पॉन उत्पादन के क्षेत्र में ज्ञान और कौशल को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर नितेश रावत ने स्पॉन प्रोडक्शन के लिए गेंहू के उबलने की प्रक्रिया तथा उसके महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. संतोष सिंह, डॉ. डीएस चौहान, डॉ. मुनेश कुमार, डॉ. जेएस बुटोला, डॉ. डीके राणा, डॉ. वीके पुरोहित, शोध छात्र नितेश रावत, अंकित सती, प्रतिभा रावत व नवदीप सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## वन विभाग ने मोछण में लगाया पिंजरा, टीम तैनात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नैनीडांडा के मोछण-गुणिया में मंगलवार को हुए हादसे के बाद विभाग ने यहां पिंजरा लागने के साथ ही टीम तैनात कर दी है। टीम में फॉरेस्ट और पीआरडी के जवान शामिल हैं। इसके साथ ही ट्रेंक्यूलाइज टीम भी मौके पर भेज दी गई है। महिला का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं अभी तक महिला को बाघ ने मारा या फिर गुलदार ने यह पूरी तरह से साफ नहीं हो सका है। इसके लिए वन विभाग ने मौके से मिले बाल और लारवा का सैंपल वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट भेज दिया है। इस रिपोर्ट के आने के बाद ही पूरी स्थति साफ हो सकेगी।

मंगलवार को घास लेनी गई महिला को शव देर रात को फारेस्ट और राजस्व टीम ने जंगल से बरामद किया था। मौके पर यह साफ हुआ कि महिला पर बाघ या गुलदार ने ही हमला किया, लेकिन एक परिणाम पर नहीं पहुंचा जा सका। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने बताया कि इसके लिए यहां मिले बाल और लार के सैंपल को टेस्ट के लिए भेज दिया गया है।

इस रिपोर्ट के बाद पता चल जाएगा कि यहां गुलदार सक्रिय है या फिर बाघ। क्योंकि यह क्षेत्र कार्बेट से लगा है। लिहाजा यहां बाघ भी है। ऐसे में सैंपल रिपोर्ट जरूरी है। साथ ही आदमखोर घोषित करने के लिए भी यह पता लगाना जरूरी है कि आखिर किसे आदमखोर घोषित करने की परमिशन लेनी है। ऐसे में यह पत्र भी अभी तक मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक को नहीं भेजा जा सका है। ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए यहां फॉरेस्ट और पीआरडी की टीमें तैनात कर दी गई है।

क्षेत्र में टीम चौबीस घंटे गश्त करेगी। इसके साथ ही पिंजरा लगाते हुए एक ट्रेंक्यूलाइज टीम भी मौके पर भेजी गई है। इसके साथ ही यहां कैमरा ट्रैपिंग भी लगा दिए गए हैं।

गुलदार या फिर बाघ जो भी यहां सक्रिय होगा कैमरों में कैद हो जाएगा। डीएफओ ने बताया कि परिजनों से भी बातचीत कर ली गई है। नियमानुसार मुआवाजे की कार्यवाही पूरी की जा रही है। फौरी तौर पर 1 लाख 20 हजार की राशि परिजनों को सौंप दी गई है।

## 8 मकान मालिकों का काटा चालान

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर पुलिस की ओर चौरास क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। जिसके तहत बिना सत्यापन के किरायेदारों को किराए पर रखने पर 8 मकान मालिकों का चालान किया गया। जिन पर कुल 80 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कोतवाली निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि जनपद में बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि पूर्व में कई बार सभी जनमानस को किरायदारों का सत्यापन कराने के लिए अवगत कराया जा चुका है। बावजूद मकान मालिकों द्वारा सत्यापन न कराए जाने पर उनके विरुद्ध चालान की कार्यवाही की जा रही है। कहा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम में प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी, एसएसआई कुंवर राम आर्य, एसआई सतेंद्र भंडारी, जगजीत सिंह, कुंदी लाल, मोहन रतूड़ी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# स्थाई तहसीलदार नियुक्त करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार बार एसोसिएशन ने कोटद्वार तहसील में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति करवाने की मांग की है। कहा कि तहसीलदार नहीं होने से फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

समस्या के संबंध में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि कोटद्वार तहसील अत्यंत संवेदनशील तहसील है। यहां पर रिटायर सैनिक काफी तादात में निवास करते हैं। लेकिन, स्थाई तहसीलदार नहीं होने से दाखिल खरिज सहित अन्य कार्यों में परेशानी हो रही है।

हालत यह है कि तहसील में पिछले तीन माह से स्थाई तहसीलदार नहीं है। इस मौके पर प्रवेश रावत, सुनील डोबरियाल आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता

# भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण में कर रही कार्य : रेखा



काशीपुर : बुधवार को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस पहुंची। यहां उन्होंने अंत्योदय परिवारों को मुफ्त गैस रिफिल सिलेंडर कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को मुफ्त सिलेंडर का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार अंत्योदय परिवारों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है।

रेखा आर्य ने कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी ही है जो कहती है वह करती है। आज अगर गरीबों की किसी पार्टी ने फिक्र की है तो वह सिर्फ भाजपा है। गरीब तबके के लिए अगर शौचालय, स्वछता, बिजली, हर घर जल नल योजना सहित कई योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही साकार हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देश एवं प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है।

अगर आज किसी ने गरीबों के हितों के बारे में सोचा है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। गरीब माताओं-बहनों को जिस तरीके से पहले धुंए में रहना पड़ता था। इसकी चिंता करते हुए अब गरीब परिवारों को साल में 3 गैस सिलेंडर निःशुल्क की सुविधा दी जा रही है।

## मवेशियों से बाइक टकराई, बच्ची घायल

रुद्रपुर : सितारगंज रोड पर लावारिस मवेशियों से एक दंपति की बाइक टकरा गई। हादसे में महिला की गोद से गिरकर बच्ची घायल हो गई। उसका निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। सितारगंज रोड पर कृष्णा हॉस्पिटल के पास मंगलवार शाम आपस में लड़ते हुए लावारिस मवेशियों से बाइक सवार एक दंपति की बाइक टकरा गई। हादसे में महिला की गोदी में बैठी ढाई साल की बच्ची नीचे गिरकर घायल हो गई। उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। वहीं कुछ दिन पूर्व साइकिल से जा रहे पकड़िया निवासी राशिद को आवारा पशुओं ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। वहीं सोमवार को पीलीभीत रोड पर चौहान मार्केट के सामने दो सांड़ों की लड़ाई हो गई।

# पाहा नहर कवरिंग को डेढ़ किमी. से बढ़ाकर साढ़े चार किमी. किया




रुद्रपुर : नगर के बीचोबीच बहने वाली लेफ्ट पाहा नहर के कवरिंग कार्य को डेढ़ किमी से बढ़ाकर साढ़े चार किमी. कर दिया गया है। विधायक तिलकराज बेहड़ ने इस संबंध में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिलकर नहर के कवरिंग कार्य को तीन किमी और बढ़ाए जाने की मांग की थी। बुधवार को विधायक बेहड़ ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि लेफ्ट पाहा नहर शहर के मध्य से होते हुए जनता इंटर कॉलेज, सिरौलीकलां के आगे नेशनल हाईवे पर मिलती है। पूर्व में सीएम ने अपनी घोषणा में लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग डेढ़ किमी स्वीकृत की थी। जबकि शेष 3 किमी. नहर कवरेज का कार्य मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी से देहरादून में मुलाकात कर नहर की कवरिंग के कार्य को डेढ़ किमी से बढ़ाकर साढ़े चार किमी. करने की मांग की। बताया कि मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा को संशोधित करते हुए शेष तीन किमी नहर कवरेज व सड़क को शामिल करने के लिए सचिव को निर्देशित किया है। कहा ककि साढ़े चार किमी नहर कवरेज एवं उस पर सड़क बनने से नगरवासियों को बरेली रोड जाने में आसानी होगी। बेहड़ ने आदेश जारी होने पर सीएम का आभार जताया है। (एजेंसी)

# आंदोलनकारियों ने अनदेखी का लगाया आरोप



पिथौरागढ़ : डीडीहाट में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 50वें दिन भी धरना जारी रहा। आंदोलनकारियों ने चिल्ड्रन पार्क पहुंचकर शासन-प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन को दो माह का समय होने जा रहा है, लेकिन उनकी मांगों को लेकर न तो सरकार कोई सुध ले रही है और न ही प्रशासन। आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जाएगा तो आंदोलन में डटे रहेंगे। (एजेंसी)

## झूला पुल खोलने के लिए डीएम से फिर मिलेंगे व्यापारी

बागेश्वर : नगर व्यापार मंडल की यहां आयोजित बैठक में झूला बंद लंबे समय से बंद रहने पर नाराजगी जताई है। इस मामले में जल्द जिलाधिकारी से एक शिष्टमंडल मिलेगा। इसके बाद भी यदि पुल नहीं खुला तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी। बागनाथ मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 20 जुलाई से झूला पुल सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने बंद किया है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद यहां पर नगर पालिका ने टिन लगाकर आवाजाही बंद की है। वक्ताओं ने कहा कि बाजार में आने का सबसे पुराना रास्ता झूला पुल ही है। पुल बंद होने से बाजार में लोगों की आवाजाही बंद हो गई है।

# दो माह बाद भी आंदोलनकारियों के हौसले बुलंद




काशीपुर : भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन को दो माह से भी अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आंदोलनकारीयों के हौसले अभी भी बुलंद हैं। बुधवार को आंदोलन के 65वें दिन क्रमिक अनशन पर भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के सुबेग सिंह, गुरजीत सिंह रंधावा, देवेंद्र सिंह भट्टी, जगदीप सिंह रंधावा और दिलशेर सिंह बैठे।

भूमि बचाओ आंदोलन में जहां एक तरफ किसान बड़ी संख्या में एकजुट हैं, वहीं मजदूर और व्यापारी वर्ग भी पूर्णता सक्रिय है। वरिष्ठ व्यापारी नेता निरंजन दास गोयल, दर्शन गोयल आदि सहित बड़ी संख्या में व्यापारी व मजदूर वर्ग भी आंदोलन स्थल पर उपस्थिति बनाए हुए हैं। सरकार द्वारा दिए जा रहे आश्वासनों से संतुष्टि के साथ-साथ समाधान में हो रही देरी पर आज वक्ताओं ने गहन चिंतन किया। वक्ताओं ने कहा कि जब सरकार समाधान करना चाहती है तो हमें एक निश्चित समय बता देना चाहिए। आज आंदोलन में भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, आयोजक रजनीत सिंह सोनू, उगराहां के प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा, कुमायूं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, व्यापारी नेता निरंजन दास गोयल आदि ने अपने विचार रखे।

# धान नहीं तुलने से नाराजा किसानों ने सरकारी क्रय केन्द्र में किया हंगामा




रुद्रपुर : धान नहीं तुलने से नाराज किसानों ने आरएफसी के सरकारी केंद्र पर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी क्रय केंद्र पर धान की खरीद शुरू नहीं होने के कारण किसानों को मजबूरी में राइस मिलर्स को सस्ता धान बेचना पड़ रहा है। इससे किसानों का मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न हो रहा है।

चेतावनी दी कि यदि शीघ्र क्रय केंद्र पर धान की तुलाई शुरू नहीं हुई तो वे मंडी गेट पर तालाबंदी करेंगे।

बुधवार को धान की खरीद शुरू नहीं होने पर बड़ी संख्या में किसान नई मंडी स्थित आरएफसी के क्रय केंद्र पर इकट्ठे हुए। उन्होंने वहां मौजूद केंद्र प्रभारी मनीष नेगी से धान की तौल शुरू करने की मांग की। इस पर केंद्र प्रभारी ने किसानों की लिस्ट नहीं मिलने की बात कही। इस पर किसान आक्रोशित हो गए और उन्होंने केंद्र पर हंगामा शुरू कर दिया। किसान नेता जगरूप सिंह गिल ने आरोप लगाया कि क्रय केंद्र पर धान की तुलाई शुरू नहीं होने के कारण किसानों को राइस मिलर्स की ओर रुख करना पड़ रहा है। राइस मिलर्स हड़ताल का वास्ता देकर किसानों का धान औने-पौने रेट में खरीद रहे हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## धान खरीद में किसानों को नहीं होने देगें समस्या

काशीपुर : किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) की मासिक बैठक में किसानों ने सरकारी धान तौल केंद्र में आने वाली समस्याओं को रखा। बैठक में मौजूद एसएमओ ने किसानों ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

बुधवार को अनाज मंडी गेस्ट हाउस में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें मौजूद एसएमओ दिनेश चंद्र आर्या के समक्ष किसानों ने सरकारी धान तौल संबंधित कई समस्याओं को रखा। एसएमओ ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। आर्या ने कहा कि बीते वर्ष भी उन्होंने किसानों को कोई समस्या नहीं आने दी।

# जीआईसी हवालबाग में कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित



अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में एक रेसिटेशन कांटेस्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हवालबाग के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन तिवारी, विशिष्ट अतिथि ज्ञान विज्ञान चिल्ड्रेन एकेडमी के प्रधानाचार्य अशोक पंत व विद्यालय के प्रधानाचार्य व कार्यक्रम संयोजक डॉ. कपिल नयाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. रंजन तिवारी ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया और विद्यार्थियों से नेतृत्व के गुण को आदत में शामिल करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि अशोक पंत ने हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित रेसिटेशन कॉन्टेस्ट का महत्व समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कपिल नयाल ने बताया कि यह कार्यक्रम बेंगलुरु की शिक्षाविद जया पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है ।

# व्यापार मंडल कोसी की नवीन कार्यकारिणी का गठन, शिवराज बने अध्यक्ष



अल्मोड़ा। व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुशील शाह, जिला महामंत्री भैरव गोस्वामी, जिला मंत्री सुनील कर्नाटक और प्रकाश बिष्ट की उपस्थिति में व्यापार मंडल कोसी की नई कार्यकारिणी का गठन सभी व्यापारियों की सर्वसम्मति से किया गया। राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूरन चंद पांडे, आनंद सिंह बिष्ट, देवी दत्त जोशी, मोहन जोशी, मोहन सिंह बिष्ट को कोसी इकाई का संरक्षक बनाया गया। शिवराज सिंह बिष्ट को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद पर बलबीर सिंह बिष्ट व दिनेश जोशी, सचिव पद पर नवीन जोशी, उपसचिव पद पर प्रकाश बिष्ट और तारा सिंह मेहरा, कोषाध्यक्ष पद पर दिग्विजय मेहता और अमन जोशी, मीडिया प्रभारी पद पर मोहन तिवारी और अमन जोशी को कोसी इकाई का दायित्व सौंपा गया। बैठक में ही शिवालिक होटल के स्वामी प्रकाश बिष्ट को जिला मंत्री का दायित्व दिया गया। बैठक में किशन चंद्र जोशी, प्रमोद घिल्डियाल, तारा सिंह, सूरज चंद्र तिवारी, कैलाश तिवारी, किशन चंद्र जोशी, मोहन सिंह बिष्ट, चंद्र मोहन नेगी, भूपेंद्र बिष्ट, मोहन तिवारी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## तहसील में लंबित मामलों को जल्द निपटाएं

रुद्रपुर : तहसीलदार पूजा शर्मा ने राजस्वकर्मियों की बैठक लेकर लंबित मामला के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम पोर्टल पर सेवा के अधिकारों से संबंधित मामलों का निश्चित समय पर निस्तारण हो। बुधवार को रुद्रपुर से स्थानांतरित होकर आईं तहसीलदार पूजा शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि स्थायी, जाति, आय प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने वाले फरियादियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कहा कि तहसील में लंबित मामलों का भी जल्द निपटारा करने को कहा। कहा भूमि की अकृषि की फाइलों की जांच कर उन्हें अग्रसारित करें। कोई भी मामला लंबित न रखा जाए। इससे पूर्व सभी मातहतों के साथ परिचय भी कियाया।

# कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका



बागेश्वर : जिले की प्रशासनिक बदहाली पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि डबल इंजन सरकार की हवा निकल गई है। उन्होंने जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो उग्रा आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता बुधवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। प्रदेश सरकार के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है। वक्ताओं ने कहा कि अधिकारी विहीन जिला मात्र एक पीसीएस अधिकारी के भरोसे चल रहा है। बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद सरकार ने एडीएम सीएस इमलाल व एसडीएम गरुड़ को कुमाऊं आयुक्त कार्यालय में सबंद्ध कर दिया। बागेश्वर, कपकोट, गरुड़, काड़ा, काफलीगैर, दुग नाकुरी और उप तहसील शामा में केवल एक मात्र पीसीएस अधिकारी के सहारे चल रहा हैं। जिलाधिकारी भी लंबी छुट्टी पर हैं। मात्र दो नायब तहसीलदारों के भरोसे यहां की तहसीलें चल रही हैं। लोगों को प्रमाण पत्र बनाने में खासी दिक्कत हो रही है। हजारों रुपये खर्च कर जब ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंच रहे हैं तो उन्हें अधिकारी नहीं मिल रहे हैं। वह खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इस तरह की मनमानी कांग्रेस कतई सहन नहीं करेगी।

चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार ने जल्द अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती नहीं की तो आंदोलन किया जाएगा।

# क्षेत्राधिकारी रानीखेत ने थाना भतरौजखान का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा—निर्देश




अल्मोड़ा। क्षेत्राधिकारी रानीखेत टी.आर वर्मा ने को थाना भतरौजखान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मंगलवार को किए निरीक्षण में थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी बैरिक, भोजनालय, थाना, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना आदि का बारीकी से निरीक्षण किया गया। कर्मचारी सम्मेलन में पुलिस कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर समाधान किया गया तथा किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधे संपर्क करने हेतु अवगत कराया गया। कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों को अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिए गए व बीट कर्मचारियों को नियमित रुप से अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण करने व बेहतर पुलिसिंग हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरांत सीओ रानीखेत द्वारा सर्किल रानीखेत के थाना देघाट, सल्ट, चौखुटिया व थाना भतरौजखान के विवेचकों का आदेश कक्ष आयोजित किया गया।

## पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं सुनी

पिथौरागढ़ : अस्कोट पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं और उनके हालचाल जानने को विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने विभिन्न गांवों का भ्रमण किया

। इस दौरान बुजुर्ग दंपति, वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से निजी, पारिवारिक, स्वास्थ्य सम्बन्धी, पुलिस विभाग या अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित समस्याओं के बारे जानकारी ली व कोई परेशानी होने पर पुलिस को बताने को कहा।

# गुमशुदा युवती तथा महिला को धौलछीना पुलिस ने सकुशल किया बरामद



अल्मोड़ा। धौलछीना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुमसुदा हुई एक युवती तथा एक अन्य गुमशुदा महिला तथा उसके दो बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। दो अलग–अलग मामलों में बरामद हुई युवती तथा महिला को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि धौलछीना थाना क्षेत्र बाड़ेछीना क्षेत्र के धारी गांव से पिछले माह 23 सितंबर को 20 वर्षीय युवती की गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले पर थाना पुलिस ने गहन खोजबीन की तथा गुमशुदा युवती को मंगलवार को उधम सिंह नगर के रुद्रपुर से सकुशल बरामद कर लिया। जबकि थाना क्षेत्र के ही पूनाकोट गांव से लगभग एक माह पूर्व 27 अगस्त को अपने दो बच्चों के साथ महिला के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

# उत्तराखण्ड सरकार और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के बीच हुआ 15 हजार करोड़ का एमओयू

### जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड अल्मोड़ा में करेगा 1500 मेगावाट् के 2 पम्प स्टोरेज का विकास

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के रोड शो के अवसर पर उत्तराखण्ड सरकार और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के मध्य 15 हजार करोड़ का एमओयू किया गया।

एमओयू के तहत अल्मोड़ा में 1500 मेगावाट के 2 पम्प स्टोरेज का विकास किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में पंप स्टोरेज प्लांट, सीमेंट, स्पोर्ट, ट्रेनिंग सेंटर, पेयजल, कुमाऊं के मंदिरों (मानसखंड मंदिर माला को सी.एस.आर. के तहत) पुनर्द्धार व सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में सहयोग की अपेक्षा की। एमओयू के तहत जेएसडब्ल्यू एनर्जी 1500 मेगावाट क्षमता के अल्मोड़ा में 2 स्व-पहचान वाली पंप स्टोरेज परियोजनाएं स्थापित करने की योजना पर कार्य करेगी, जिसे अगले 5-6 वर्षों में विकसित किया जाएगा। अल्मोडा के जोसकोटे गांव में साइट 1 में यह योजना निचला बांध/जलाशय कोसी नदी से 8-10 किमी. की दूरी पर प्रस्तावित है तथा अल्मोड़ा के कुरचौन गांव में साइट 2 में यह ऊपरी जलाशय कोसी नदी से 16 किमी. की दूरी पर प्रस्तावित है। इस योजना से एक बड़ी आबादी को पेयजल की आपूर्ति तथा कृषि के लिए सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही इस योजना से 1000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।



गौरतलब है कि राज्य सरकार ने राज्य में पीएसपी के विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड पंप स्टोरेज परियोजना नीति तैयार की है, जो डेवलपर्स को प्रमुख प्रोत्साहन प्रदान करती है। एमओयू के दौरान सचिव डॉ. मीनाक्षी सुंदरम, विनय शंकर पाण्डेय, एमडी सिडकुल रोहित मीणा, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के निदेशक ज्ञान बद्र कुमार मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मेले में 225 लोगों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल : आयुष्मान भवः अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के तत्वाधान में कम्युनिटी स्वास्थ्य मेले का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगांवखाल में किया गया। स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी ने किया। इस मौके पर 225 लोगों की डायबीटीज, हाइपरटेंशन, ओरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर, नेत्र रोग आदि की जांच गई। जबकि मौके पर 15 आयुष्मान कार्ड, 151 आभा आईडी बनाई गई व 2 लोगों द्वारा अंगदान की शपथ ली गई। स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से डा. अरविन्द नौटियाल, डा. निकिता, डा. आलोक कुमार, डा. सोनाली जोशी, डा. प्रकाश श्रीवास्तव, डा. उर्वशी, डा. सईदुर रहमान, डा. पार्थ दत्ता, डा. जसप्रीत कौर, प्रभारी चिकित्साधिकारी पाटीसैण डा. आरती बहल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ने गोल्ड बैंड हासिल किया

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ने आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग की ओर से जारी सर्वे में गोल्ड बैंड हासिल किया है। एमएचडब्ल्यू रैंकिंग 2023 के तहत आर वर्ल्ड इंस्टीट्यूशनल किसी संस्थान को भलाई, उत्कृष्टता, परिसर समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने एवं प्रतिबद्धता और समर्पण के आधार पर रैंकिंग प्रदान करता है। यह जानकारी देते हुए श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि वर्ष 2023 में राज्य का एकमात्र संस्थान है जिसे संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के कल्याण में उत्कृष्टता के लिए पूरे भारत में गोल्ड बैंड में रैंक प्रदान कर उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण पत्र हासिल हुआ है। यह प्रमाण पत्र कैम्पस जीवन के लिए एक शीर्ष संस्थान बनने की दिशा में उत्कृष्टता के क्षेत्र में प्रदान किया गया है। जो विश्वविद्यालय के लिए एक कुलपति हैं। इसके लिए कुलाधिपति राज्यपाल गुरमीत सिंह के विजन का भी अहम योगदान रहा है। पूर्व में विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए डायमंड बैंड (ग्रेड ए प्लस) की रैंकिंग प्रदान की गयी। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय राज्य का एकमात्र संस्थान है जिसे संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के कल्याण में उत्कृष्टता के लिए पूरे भारत में गोल्ड बैंड प्राप्त हुआ एवं उत्कृष्ट सेवा का प्रमाण पत्र हासिल हुआ है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. जोशी ने कर्मचारियों–अधिकारियों को सामूहिक प्रयास के लिए बधाई दी। उपलब्धि पर कुलसचिव केआर भट्ट, परीक्षा नियंत्रक प्रो. वीपी श्रीवास्तव, मुख्य वित्त अधिकारी प्रवीण बडोनी, सहायक परीक्षा नियंत्रक डा. बीएलआर्य, डा. हेमन्त बिष्ट, सहायक कुलसचिव देवेन्द्र सिंह रावत, हेमराज चौहान, सुनील नौटियाल, निजी सचिव कुलपति वरूण डोभाल, कुलदीप सिंह आदि ने कुलपति प्रो. जोशी को बधाईयां दी है।

## एनएसयूआई से अर्जुन लड़ेंगें अध्यक्ष पद पर चुनाव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। वहीं, छात्रसंगठनों ने भी अपने प्रत्याशी घोषित करने शुरू कर दिए है। बुधवार को एनएसयूआई ने प्रत्याशियों की सूची जारी करते हुए अध्यक्ष पद पर अर्जुन गोदियाल, सचिव पद पर प्रियांश रावत, उपाध्यक्ष रंजीत निषाद व यूआर पर अमन नयाल को प्रत्याशी घोषित किया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजेश भंडारी ने प्रत्याशी घोषित करते हुए सभी से एकजुट होकर प्रत्याशियों को जीताने पर जोर दिया। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, प्रदेश महासचिव एनएसयूआई अंकित सुंद्रियाल, सचिव मुकुल, छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित नौटियाल, आईटी जिलाध्यक्ष उपेंद्र रावत, प्रतीक बिष्ट, पंकज, अमन नेगी, मनोज आदि शामिल थे।

# कोदे-झंगोरे से उभरेगी किसानों की आजीविका

### किसानों से 38.64 रुपए प्रति किलो की दर पर खरीद करेगी सहकारी समितियां
### जनपद को मिला 12 हजार कुंतल का लक्ष्य, ढुलान खर्च वहन करेगी सरकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : कोदा-झंगोरा अब किसानों की आजीविका सुधार में अहम किरदार निभाएगा। राज्य मिलेट मिशन के तहत मंडवा समेत अन्य मोटे अनाज की खरीद-बिक्री पर जोर दिया जा रहा है। जनपद के अधिकारियों ने भी इसके लिए कमर कस ली है। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सहकारिता, कृषि एवं संबंधित विभागों ने जनपद में मिशन के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की।



मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन सभागार में आयोजित राज्य मिलेट मिशन-2023 की बैठक के दौरान कहा कि दुनियाभर में 2023 अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 समेत अन्य मंचों पर मोटे अनाज को एक वैश्विक पहचान दिलाई है। उत्तराखंड का कोदा यानी मंडवा, चोलाई समेत अन्य मोटा अनाज ऑर्गेनिक होने के चलते हमेशा ही डिमांड में रहा है। मिलेट मिशन ने इसकी मांग को और बढ़ावा दिया है, ऐसे में राज्य सरकार की ओर से इस सत्र में जनपद को 12 हजार कुंतल मंडवा उत्पादन का लक्ष्य दिया है। किसानों में मंडवे की खेती को बढ़ावा देने के लिए मंडवा 38.64 रूपये प्रति किलो की दर से खरीदा जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को किसानों द्वारा मंडवा बिक्री के लिए गांव से क्रय केंद्र पर लाने की पूरी व्यवस्था बनाने एवं इसके लिए ढुलान कैसे आवंटित किया जाएगा, इसके लिए स्पष्ट रणनीति बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारियों को राज्य मिलेट मिशन सत्र 2023-24 हेतु लक्ष्य आंवटित किए गए। उन्होंने न्याय पंचायतवार लक्ष्य आंवटित किए जाने के उपरांत मिलेट खरीद दर के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। जिला सहायक निबंधक सहकारिता रणजीत सिंह राणा द्वारा समस्त एमपैक्स सचिवों की लक्ष्य आंवटित कर किसानों को क्रय मिलेट को भण्डारण करने के 72 घंटे के अंदर संबंधित किसान को भुगतान करने के निर्देश दिए गए। बताया कि समूहों या समितियों को मंडवे की बिक्री पर प्रति कुंतल 150 रुपए प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। बताया कि सहकारी समितियों को मंडवे के ढुलान के लिए 50 हजार प्रति क्रय केंद्र सरकार कृषि विभाग के माध्यम से आवंटित करेगी, जिससे किसानों को ढुलान खर्च वहन न करना पड़े।

बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक ब्रह्मकांत भट्ट, अजय सिंघल, आरएस गुसांई, शिखा बिंदोला, विजय प्रसाद, नितिन मुकेश नेगी, शशि शुक्ला, बिरेंद्र शाह, सुशील सिंह, प्रदीप भट्ट, जगदंबा भट्ट समेत अन्य अधिकारी एवं समितियों के सचिव मौजूद रहे।

## 13 प्रतिशत से कम सत्यापन पर अधिकारियों का वेतन रोका

रूद्रप्रयाग : केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही किसान निधि का सत्यापन पूरा न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई। जिले में 11 हजार किसानों में से अब तक 4000 किसानों का ही सत्यापन हुआ है। उन्होंने अब तक 13 प्रतिशत भी सत्यापन नहीं कर सके अधिकारी एवं कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए सत्यापन में तेजी लाने के निदेश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने 13 फीसद से कम सत्यापन वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश देते हुए सत्यापन न बढ़ने तक वेतन रोके रखने को कहा। वहीं बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को बधाई भी दी।

## पुरानी पेंशन को लेकर देहरादून में रैली 8 अक्टूबर को

चमोली : पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर कर्मचारी 8 अक्तूबर को देहरादून में रैली निकालेंगे। जिसमें चमोली से 1781 राजकीय शिक्षक भी प्रतिभाग करेंगे। राजकीय शिक्षक संघ ने वर्चुअल बैठक कर सभी शिक्षकों से रैली में शामिल होने की अपील की है। राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी और जिला मंत्री प्रकाश चौहान ने बताया कि पुरानी पेंशन की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत काली पट्टी फिर दिल्ली रैली और अब देहरादून रैली प्रस्तावित है। कहा कि जनपद के सभी 9 विकासखंडों एवं 202 विद्यालय शाखाओं से वर्चुअल बैठक सभी शिक्षकों को रैली में प्रतिभाग करने की अपील की गई है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम संजना शाह (SANJANA SHAH) अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम शिवांशी (SHIVAN-SHI) है।

अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम शिवांशी (SHIVANSHI) दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना आवश्यक है।

**सूरज कुमार शाह पुत्र ओम प्रकाश निवासी ग्राम निम्बूचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1357/21)२

## उत्तर रेलवे

**ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद–244001 द्वारा समरकर्ताओ से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र सं. | निविदा सं | माल का विवरण | मात्रा | बयाना राशि | अनुमानित मूल्य रु. | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 97235566 | Supply of ISI Marked 1.1 kV 3x120 + 1x95 + | 12700 MTR | 110300 | 5514848 | 30.10.2023 |

1x16 sq mm Aluminium conductor XLPE insulation, aluminium alloy bare messenger aerial bunch as per IS:14255 including supply of material (to be delivered at Haridwar). The product shall be BIS certified.

नोटः पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई–टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास–III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नही किया है) प्राप्त करना होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नही की जाएगी। पत्र सं. 13/वरि0 म0 सा0 प्र0/2022 दिनांक 03.10.2023

3071/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जोशीमठ में भूकंप की मॉकड्रिल में बताएं बचाव के टिप्स

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिला आपदा प्रबंधन द्वारा जोशीमठ तहसील प्रशासन, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के साथ बुधवार को जोशीमठ में भूकंप को लेकर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त भवनों में से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालते हुए उपचार मुहैया कराने और रेस्क्यू ऑपरेशन संचालन के बारे में अभ्यास कराया गया। ताकि भूकंप जैसी आपदा में कम से कम रिसपोंस टाइम में रेस्क्यू कार्यों को अंजाम दिया जा सके।



उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी की देखरेख में संचालित यह मॉक अभ्यास पूरी तरह सफल रहा।

बुधवार को दोपहर 12:30 बजे जोशीमठ स्थित जीएमवीएन गेस्ट हाउस में भूकंप के कारण कुछ लोगों के दबे होने की सूचना प्रसारित की गई। तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के रिस्पोंसिबल ऑफिसर एसडीएम कुमकुम जोशी ने आईआरएस से जुड़े सभी तहसील स्तरीय अधिकारियों को आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए। जिसके 10 मिनट बाद ही एक टीम को आवश्यक उपकरणों के साथ जीएमवीएन के लिए रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और घायल लोगों को निकालते हुए एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। मॉकड्रिल में एसडीएम कुमकुम जोशी, एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट आरएस धपोला, एसडीआरएफ के निरीक्षक जगमोहन सिंह, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी, खंड विकास अधिकारी मोहन जोशी समेत पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, लोनिवि, बीआरओ आदि विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स शामिल थे।

## तीन दिवसीय शीतकालीन प्रतियोगिता शुरू

नई टिहरी : शहीद नागेन्द्र दत्त सकलानी इंटर कालेज पुजार गांव खेल मैदान में तीन दिवसीय शीतकालीन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जौनपुर सीता देवी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य आशा रावत व संयोजक प्रधानाचार्य अनिल बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सास्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जौनपुर ब्लाक के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर वृक्षमानव विश्वेश्वर दत सकलानी और अमर शहीद नागेन्द्र सकलानी चैंपियन ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सीता रावत ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलों में प्रतिभाग करने को कहा और सकलाना में पहली बार इस आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में जिला संयोजक विनोद नेगी, ब्लाक संयोजक देवेन्द्र रावत, सकलाना जन सरोकार समिति अध्यक्ष अशोक राज उनियाल, सचिव विनोद उनियाल, विजेन्द्र सिंह, व्यायाम शिक्षिका बबीता ऐठानी, अतुल रमोला, ब्लाक यूथ समन्वयक अनिल हटवाल आदि मौजूद रहे।


## छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)

### नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद् कार्यालय के निष्प्रयोगीय वस्तुओं लोहा, प्लास्टिक, इत्यादि का नीलाम 'जैसा है, जहां है' के आधार पर किया जाना है। जिसके लिए ऑनलाईन कोटेशन/बोली www.defproc.gov.in वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न हैः-

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑनलाइन भरने की तारीख | दि0 06 अक्टूबर 2023 समय 1300 बजे से 10 अक्टूबर 2023 समय 1300 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तारीख | दि0 11 अक्टूबर 2023 समय 1300 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेबसाईट पर ऑनलाईन भरे जाएंगे व कोटेशनों/बोली से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते भी इसी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

पत्रांक सं0 204/नीलाम/2023-24/छा0परि0

दिनाँक : अक्टूबर 2023

**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद् लैन्सडौन।**


# ग्रामीण डाक सेवकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया

नई टिहरी : अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ डाकमंडल टिहरी-उत्तरकाशी ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य डाकघर परिसर में धरना दिया। डाक सेवकों ने जल्द सभी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

बुधवार को अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ डाकमंडल टिहरी-उत्तरकाशी के कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर नई टिहरी के मुख्य डाकघर परिसर में धरना देते हुये सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व मंडलीय सचिव राजपाल सिंह नेगी ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक बीते कई वर्षो से ग्रामीण डाक सेवकों को नियमित कर्मचारी का दर्जा देने, पेंशन दिये जाने, कार्य का समय 8 घंटे किये जाने, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशों के तहत 12, 24, 36 को लागू करने, कर्मचारियों का सामूहिक बीमा 5 लाख रुपये किये जाने की मांग की है। मंडलीय अध्यक्ष रामकिशोर सिंह बिष्ट ने ग्रामीण डाक सेवक एंव उनके परिवारों को चिकित्सा सुविधा देने, कार्य के दौरान मृतक डाक सेवक के आश्रितों को अनुकंपा के आधार नियुक्ति देने, डाक शाखा घरों को डवाईस के बजाय लैपटॉप, प्रिंटर, बॉडबैंड देने सहित 11 सूत्रीय मांगों के निस्तारण की मांग की है। धरने पर बैठने वालों में अकबर पुंडीर, मुन्नी तोपवाल, कमलेश्वर रतूड़ी, धर्म सिंह भंडारी, चंद्र सजवाण, राजवीर नेगी, सत्ये सिंह भंडारी, वीरेन्द्र कुमाईं, सोहन पंवार, द्वारिका डंगवाल, गंभीर राणा, सुमित्रा देवी, गीता देवी, विक्रम चौहान, गोपलदत्त चमोली, रुकम दास, सुरेंद्र पंवार, नरेन्द्र बिष्ट, विजेंद्र नेगी, शक्ति दास, धनपाल रावत सहित कई लोग शामिल थे।

## बहुउद्देशीय शिविर में जरूरतमंदों के बनाएं प्रमाण पत्र

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी व उनसे आम जन मानस को लाभान्वित किए जाने हेतु बुधवार को विकासखंड अगस्त्यमुनि के राजकीय इंटर कॉलेज गणेशनगर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया। इस दौरान जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों के विभिन्न प्रमाण-पत्र बनाए गए।

## 400 मीटर दौड़ में शिवम, सपना ने मारी बाजी

नई टिहरी : ब्लाक चंबा स्तर पर जीआईसी ढुंगीधार में तीन दिवसीय ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन बौराड़ी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि सभासद उर्मिला राणा ने प्रतिभाग करते हुए कहा कि छात्र–छात्रायें खेल भावना से खेलों को खेलें। जुझने की प्रवृति को खेलों की मदद से मजबूत करें। पहले दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में अंडर–17 बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में धीरज प्रथम व हरितिक द्वितीय और बालिका वर्ग में दीपशिक्षा प्रथम व किरन द्वितीय रहीं। 1500 मीटर बालक वर्ग में हरितिक प्रथम व पीयूष द्वितीय, बालिका वर्ग में सपना प्रथम व प्रिया द्वितीय रही। 400 मीटर बालक वर्ग में शिवम प्रथम व प्रांजल द्वितीय, बालिका वर्ग में सपना बनाली प्रथम व सपना कंथर गांव द्वितीय रही। 600 मीटर बालक वर्ग में गौरव प्रथम व प्रवीन द्वितीय, बालिका वर्ग में सोनाली प्रथम व आईशा द्वितीय रही। इस मौके पर जीआईसी ढुंगीधार के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र राणा, व्यायाम शिक्षक चक्रधर भद्री, ब्लाक समन्वयक यशपाल रावत, मनोज नेगी, मुकेश, मुकेश उनियाल, अरविंद पंवार, अरविंद नेगी, दुर्गा सिंह रावत, राजेंद्र सजवाण, अनिल धूलिया, राजेंद्र प्रसाद डोभाल, मनीषा नेगी, राखी राणा, अनामिका डंगवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


## कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रा0 खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन (गढ़वाल)

Email ID:-eepwdlansdowne@gmail.com, & eepwdlansdowne@rediffmail.com, Phone/Fax : (01386) 262260

पत्रांक सं0 232 /01एम0जी0 दि0 30-9-2023

### निविदा सूचना

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से सहायक अभियन्ता प्रा0ख0लो0नि0वि0 लैन्सडौन के द्वारा निम्नलिखित कार्यों की शील्ड निविदा दिनांक 26.10.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100/- के स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र दि0 16.10.2023 से दि0 25.10.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं।

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त, लो0नि0वि0 पौड़ी।
2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0नि0 लैन्सडौन।
3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 दुगड्डा।
4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई, खण्ड लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (व्यापार कर अतिरिक्त) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र लैन्सडौन के अन्तर्गत बडखेत मल्ला स्थान कुण्जाखाल से धामधार-रथुवाढाब मोटर मार्ग पर सिंचाई नहर की मरम्मत का कार्य। | 30,000.00 | 1000.00 +18%GST | 2 माह | 45 दिन | उत्तराखण्ड लो.नि.वि. में मार्ग श्रेणी में पंजीकृत डी एवं उच्चतर |

निविदायें दि0 27.10.2023 को अपरान्ह 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी, किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

सम्पादकीय

# भूकंप फॉल्ट लाइन पर निर्माण प्रतिबंध

उत्तराखंड में लगातार आ रहे भूकंप के बाद अब जरूर आ पड़ी है कि ऐसे निर्माण किए जाएं जो न केवल भूकंपरोधी हो बल्कि उन स्थानों पर निर्माण करने से बचा जाए जो संवेदनशील क्षेत्रों की जद में आते हैं। इसे लेकर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की निर्माण एजेंसी मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने नए डिजिटल मास्टर प्लान में खास प्रावधान किया है जिसके तहत दून से गुजर रही भूकंप रेखा से 50 मीटर दूरी तक भवनों के निर्माण पर पाबंदी लगाई है। यह पहला अवसर है, जब दून के मास्टर प्लान में फ्रंटलाइन एरिया को चिह्नित कर निर्माण को रोकने की पैरोकारी की गई। प्रस्ताव पर शासन ने मुहर लगाकर 50 मीटर की दूरी को कम करते हुए 30 मीटर पर अपनी सहमति दे दी है। भूकंप के खतरों को देखते हुए यह एक सराहनीय पहल कहीं जा सकती है बशर्ते इस पर प्राधिकरण गंभीरता के साथ कार्रवाई करें। राजधानी देहरादून का राजपुर रोड आश्रम वह क्षेत्र है जहां से मेन बाउंड्री थ्रस्ट फाल्ट लाइन और मोहंड के आसपास के इलाके से हिमालयन फ्रंट थ्रस्ट फाल्ट लाइन गुजरती है। इसके अलावा राजधानी देहरादून में 29 अन्य भूकंपीय फाल्ट लाइनें भी चिन्हित की गई है जहां पर बने निर्माण पर भूकंप का खतरा सदैव बना रहता है। यही कारण है कि एमडीडीए ने अब अपने नए नियम कानून में फॉल्ट लाइन प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण को रोकने का मन बना लिया है। अर्थात इन स्थानों पर होने वाले निर्माण की अनुमति प्राधिकरण नहीं देगा। इसके तहत इन क्षेत्रों में भूकंप रेखा के चारों तरफ 30 मीटर तक निर्माण नहीं किया जा सकेगा। यह नियम हर प्रकार के निर्माण पर लागू होगा जिसका प्रस्ताव शासन में रखने के बाद इस पर सहमति बनती भी नजर आने लगी है। निर्माण पर रोक लगाने का दायरा पहले 50 मीटर तय किया गया था लेकिन व्यावसायिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए इसे 30 मीटर कर दिया गया। इस स्थान के निकटवर्ती क्षेत्रों में तीन मंजिल से अधिक का भवन बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हमारी पृथ्वी विभिन्न भूगर्भीय राशियों से भरी हुई है और इसकी सतह पर एक विशालकाय लंबी दरार है। भूकंप आम तौर पर इसी लंबी दरार में हलचल होने के कारण बनता है और जब प्लेट टकराती है इसमें होने वाली घर्षण के कारण ऊर्जा बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिस कारण भूकंप आता है। क्योंकि देहरादून का कुछ क्षेत्र इस फॉल्ट लाइन की जड़ में आता है लिया जा प्राधिकरण ने भूकंप के दौरान होने वाले खतरों से बचने के लिए इस फोर्ट लाइन के 30 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के निर्माण पर अनुमति न देने का फैसला लिया है। प्राधिकरण के इस फैसले से उन लोगों को निश्चित तौर पर बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा जिनकी जमीन इस फोर्ट लाइन के क्षेत्र में आती है यानी अब यह जमीन खेती मात्र से अधिक नहीं रह पाएंगे। क्या सरकार या प्राधिकरण उक्त जमीनों के बदले भूस्वामियों को मुआवजा प्रदान करेगा, जमीनों के मालिक प्राधिकरण के इस फैसले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। हालांकि प्राकृतिक आपदा एवं इससे होने वाली नानी को ध्यान में रखते हुए अदालत से कोई राहत मिलेगी इसकी उम्मीद कम ही है।

# एक साथ चुनाव का बनता फॉर्मूला ?

**अजीत द्विवेदी**



एक देश, एक चुनाव की चर्चा धीरे धीरे जोर पकड़ रही है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की पहली बैठक में तय किया गया कि एक देश, एक चुनाव के सवाल पर राजनीतिक दलों की राय ली जाएगी और विधि आयोग को भी बुला कर इस बारे में बातचीत होगी। इसके बाद 22वें विधि आयोग की ओर से सूत्रों के हवाले खबर आई कि आयोग देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के फॉर्मूले पर काम कर रहा है। यह भी बताया गया कि आयोग की रिपोर्ट जल्दी ही सरकार को सौंपी जाएगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने का फॉर्मूला होगा। बताया जा रहा है कि कुछ राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल घटा कर और कुछ का कार्यकाल बढ़ा कर एक साथ चुनाव कराने का फॉर्मूला तय होगा। यह भी बताया गया कि 2024 से 2029 के चुनावी चक्र के बीच इस फॉर्मूले को लागू किया जाएगा और 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सारे चुनाव कराए जा सकते हैं।

सवाल है कि क्या कोई ऐसा फॉर्मूला हो सकता है, जिससे 2029 में सारे चुनाव एक साथ कराए जाने के लिए सभी पार्टियां राजी हो जाएं? यह मुश्किल लगता है। अगर कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल घटा कर और कुछ का बढ़ा कर 2029 में सारे चुनाव एक साथ कराने का फॉर्मूला बनता है तो उसमें कई बाधाएं आएंगी। जैसे पहली बाधा तो यह होगी कि 2025 से 2028 के बीच जिन राज्यों के चुनाव होने वाले हैं उनकी विधानसभाओं का क्या किया जाएगा? 2025 में फरवरी में दिल्ली और नवंबर में बिहार का चुनाव होना है। क्या इन दोनों राज्यों का चुनाव कराते समय यह कहा जाएगा कि दिल्ली में चुनाव चार साल के लिए और बिहार में सवा तीन साल के लिए हो रहा है? इसी तरह क्या 2026 के मई में तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल, असम आदि राज्यों में यह कहते हुए चुनाव कराए जाएंगे कि चुनाव तीन साल के लिए हो रहे हैं और फिर 2029 में लोकसभा के साथ इन राज्यों के चुनाव होंगे? ध्यान रहे इन राज्यों को बिना चुनाव कराए 2029 तक नहीं रखा जा सकता है। 2027 में भी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गोवा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात आदि कई बड़े राज्यों में चुनाव होने हैं तो उनका क्या किया जाएगा? क्या बिना चुनाव कराए इन राज्यों को रखा जाएगा या इन राज्यों में डेढ़–दो साल के लिए चुनाव कराया जाएगा?

उससे पहले 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनाव होते हैं और उसके बाद साल के अंत में बारी बारी से तीन राज्यों के चुनाव होते हैं। मजेदार बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेक बरसों से एक साथ चुनाव की बात करते रहे हैं लेकिन 2014 और फिर 2019 में भी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव न लोकसभा के साथ हुए और न बाद में भी एक साथ हुए। तीनों चुनाव अलग अलग हुए। सो, क्या विधि आयोग ऐसा फॉर्मूला सुझाने जा रहा है कि अगले साल इन तीनों राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव लोकसभा के साथ कराया जाए? अगर ऐसा होता है तो लोकसभा के साथ सात राज्यों के चुनाव हो जाएंगे।

पहले कहा जा रहा था कि इस साल नवंबर में जिन पांच राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के चुनाव हैं उनको आगे बढ़ा दिया जाएगा और महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के चुनाव थोड़ा पहले करा लिए जाएंगे तो लोकसभा के साथ 12 राज्यों का चुनाव हो जाएगा। यानी लगभग आधे राज्यों का चुनाव एक साथ हो जाएगा और दूसरे चरण में बाकी आधे राज्यों का चुनाव कराया जा सकेगा। लेकिन अब इसकी संभावना बहुत कम हो गई है। एक देश, एक चुनाव पर विचार के लिए बनी रामनाथ कोविंद कमेटी की एक ही बैठक हुई है और अगली बैठक नौ अक्टूबर के बाद ही होगी क्योंकि रामनाथ कोविंद निजी यात्रा पर अमेरिका गए हैं। दूसरी ओर विधि आयोग की रिपोर्ट भी फाइनल नहीं है। इस बीच खुद भाजपा भी चुनावी राज्यों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है और चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं। सो, इतनी जल्दी कोई फॉर्मूला बनता नहीं दिख रहा है, जिससे इन राज्यों के चुनाव रोक दिए जाएं और अगले साल लोकसभा के साथ चुनाव कराया जाएं।

विधि आयोग का कहना है कि 2024 से 2029 के चुनावी चक्र के बीच ही विधानसभाओं का कार्यकाल घटाने और बढ़ाने का फॉर्मूला बनेगा और 2029 में एक साथ चुनाव करा लिया जाएगा। लेकिन यह बात व्यावहारिक नहीं लग रही है। क्योंकि अगर 2029 में एक साथ सारे चुनाव कराने का फैसला होता है तो चाहे जो भी फॉर्मूला बने वह चुनावी चक्र को बहुत बुरी तरह से प्रभावित करेगा। उसके लिए सभी पार्टियों को तैयार कराना मुश्किल होगा। दूसरे, एक बार सारे चुनाव एक साथ कराने के बाद यह सुनिश्चित करना होगा कि हर बार पांच साल पर ही चुनाव हो यानी लोकसभा या किसी भी विधानसभा के मध्यावधि चुनाव की नौबत न आए। इसके लिए लोकसभा और विधानसभाओं का पांच साल का कार्यकाल फिक्स करना होगा, जो बेहद अलोकतांत्रिक हो जाएगा और भारत जैसे बहुदलीय प्रणाली वाले देश में हॉर्स ट्रेडिंग, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला होगा। ब्रिटेन ने यह कानून बनाया था लेकिन 2017 में उसे यह कानून वापस लेना पड़ा था।

हां, अगर कोविंद कमेटी और विधि आयोग दोनों एक देश, दो चुनाव पर राजी होते हैं तो बड़ी आसानी से फॉर्मूला बन जाएगा। हालांकि इसके लिए भी कुछ विपक्षी पार्टियों को मनाना होगा और शुरुआत 2024 के लोकसभा चुनाव से ही करनी होगी। जैसे 2025 में दिल्ली और बिहार के चुनाव हैं। दोनों जगह गैर भाजपा दलों की सरकार है। इनको इस बात के लिए तैयार करना होगा कि इन राज्यों में 2024 के लोकसभा के साथ चुनाव हो जाए। यह काम सिर्फ कानून के जरिए नहीं होगा, बल्कि राजनीतिक बातचीत के जरिए होगा। अगर ऐसा हो जाता है तो 2024 में लोकसभा के साथ नौ राज्यों के चुनाव हो जाएंगे। उसके बाद 2025 में कोई चुनाव नहीं होगा। अगर ये दोनों राज्य तैयार नहीं होते हैं फिर 2025 में यह कहते हुए चुनाव कराना होगा कि विधानसभा का कार्यकाल पांच साल का नहीं होगा और 2029 के लोकसभा के साथ फिर इन राज्यों में चुनाव होंगे। इसके बाद 2026 के मई में होने वाले चुनावों का दायरा बढ़ाया जा सकता है। 2026 के मई में तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव हैं। उसके आठ महीने बाद फरवरी–मार्च 2027 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा के चुनाव हैं, जबकि उसी साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात के चुनाव हैं। इन सात राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल कम करके मई 2026 में इनके चुनाव कराए जा सकते हैं। इस तरह मई 2026 में 13 राज्यों के चुनाव हो सकते हैं।

इसके बाद 2028 के शुरू में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के चुनाव हैं, मई में कर्नाटक का चुनाव है और साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के चुनाव हैं। अगर पहले से तैयारी होती है तो इन राज्यों के चुनाव टाल कर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराया जा सकता है। इससे 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ 18 राज्यों के चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस तरह एक देश, दो चुनाव का चक्र बन जाएगा। पहले 2026 में 13 राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों का चुनाव और फिर लोकसभा के साथ 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का कराया जा सकता है। इसका फायदा यह होगा कि अगर इस बीच लोकसभा या किसी विधानसभा में मध्यावधि चुनाव की नौबत आती है तो वहां चुनाव को ज्यादा समय तक नहीं टालना पड़ेगा क्योंकि ढाई साल के अंतराल पर चुनाव का चक्र चलता रहेगा। अगर सारे चुनाव एक साथ कराने की जिद की गई तो कई मुश्किलें आ सकती हैं।

**पहले कहा जा रहा था कि इस साल नवंबर में जिन पांच राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के चुनाव हैं उनको आगे बढ़ा दिया जाएगा और महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के चुनाव थोड़ा पहले करा लिए जाएंगे तो लोकसभा के साथ 12 राज्यों का चुनाव हो जाएगा। यानी लगभग आधे राज्यों का चुनाव एक साथ हो जाएगा और दूसरे चरण में बाकी आधे राज्यों का चुनाव कराया जा सकेगा। लेकिन अब इसकी संभावना बहुत कम हो गई है। एक देश, एक चुनाव पर विचार के लिए बनी रामनाथ कोविंद कमेटी की एक ही बैठक हुई है और अगली बैठक नौ अक्टूबर के बाद ही होगी क्योंकि रामनाथ कोविंद निजी यात्रा पर अमेरिका गए हैं। दूसरी ओर विधि आयोग की रिपोर्ट भी फाइनल नहीं है। इस बीच खुद भाजपा भी चुनावी राज्यों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है और चुनावी तैयारियां तेज हो गई हैं।**

# अर्जेंटीना में बड़बोले नेता से हडकंप

**श्रुति व्यास**

**खावीएर मिलेई स्वयं को राजनीति में बाहरी व्यक्ति बताते हैं। वे कंसलटेंट और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में काम कर चुके हैं। उनका वायदा है कि वे देश को "ऐसे परजीवी और अपराधी प्रवृति के राजनीतिज्ञों से मुक्ति दिलाएंगे जो किसी काम के नहीं हैं देश को डुबोने पर आमादा हैं" ।और उन्हें जनता का प्यार मिल रहा है। अर्जेंटीना में पिछले दो दशकों में ज्यादातर समय वामपंथी शासन रहा है। पिछली बार 'टुगेदर फार चेंज' झ्र जो एक मध्य दक्षिणपंथी गठबंधन था झ्र का शासन सन् 2015 से 2019 तक रहा, जिसके अंत में देश संकट में फँस गया। रैलियों में उनके समर्थक नारा लगाते हैं ''इन सब से हमें छुटकारा दिलवाओ"।**
**इसमें कोई संदेह नहीं कि अर्जेंटीना डूब रहा है। वेनेजुएला, ज़िम्बाब्वे और लेबनान के बाद सबसे अधिक मुद्रास्फीति अर्जेंटीना में है। सन् 2018 में देश ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 57 अरब डालर का ऋण लिया।**

न जाने क्यों मगर अर्जेंटीना में सब कुछ नकारात्मक ही है।इस देश के पास अकूत प्राकृतिक संसाधन हैं और उन्हें प्रोसेस करने के लिए ज़रूरी कारखाने भी। मगर फिर भी वह विकास में फिसड्डी है। आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। और हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। मुद्रास्फीति की दर 120 प्रतिशत है, गरीबी बढ़ रही है और देश तेजी से मंदी की गिरफ्त में जा रहा है। जहाँ अर्थ के क्षेत्र में अर्जेंटीना एक तरह का अपवाद वहीं राजनैतिक दृष्टि से वह दूसरी तरह का अपवाद है। राजनीति, राजनैतिक संस्थाओं और राजनैतिक दलों के मामले में अर्जेंटीना में काफी स्थिरता है। या कम से कम अब तक थी।

पिछले कुछ समय से इतालवी मूल के दक्षिणपंथी नेता खावीएर मिलेई ने देश के राजनैतिक नेरेटिव में हडकंप मचा रखा है। उन्होंने इस साल गर्मियों में हुए देश के प्रायमरी चुनाव में जीत हासिल की और राष्ट्रपति पद की दौड़ में वे सबसे आगे नजर आ रहे हैं। वे मानते हैं कि देश का आर्थिक मॉडल, जो अर्थव्यवस्था में राज्य के हस्तक्षेप और जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित है, असफल हो गया है और वे इसे दुरूस्त करेंगे। वे अपने आपको बब्बर शेर कहते हैं और अगस्त में प्रायमरी जीतने के बाद उन्होंने दहाड़ते हुए कहा था ''मैं इस रास्ता भटकी हुई दुनिया का राजा हूं"।

खावीएर मिलेई स्वयं को राजनीति में बाहरी व्यक्ति बताते हैं। वे कंसलटेंट और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में काम कर चुके हैं। उनका वायदा है कि वे देश को "ऐसे परजीवी और अपराधी प्रवृति के राजनीतिज्ञों से मुक्ति दिलाएंगे जो किसी काम के नहीं हैं देश को डुबोने पर आमादा हैं" ।और उन्हें जनता का प्यार मिल रहा है। अर्जेंटीना में पिछले दो दशकों में ज्यादातर समय वामपंथी शासन रहा है। पिछली बार 'टुगेदर फार चेंज' झ्र जो एक मध्य दक्षिणपंथी गठबंधन था झ्र का शासन सन् 2015 से 2019 तक रहा, जिसके अंत में देश संकट में फँस गया। रैलियों में उनके समर्थक नारा लगाते हैं ''इन सब से हमें छुटकारा दिलवाओ"।

इसमें कोई संदेह नहीं कि अर्जेंटीना डूब रहा है। वेनेजुएला, ज़िम्बाब्वे और लेबनान के बाद सबसे अधिक मुद्रास्फीति अर्जेंटीना में है। सन् 2018 में देश ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 57 अरब डालर का ऋण लिया। कोष इसमें से जब 44 अरब डालर दे चुका था तब यह स्पष्ट हो गया कि अर्जेंटीना कर्ज चुका नहीं सकेगा। तब सन् 2022 में ऋण की शर्तें दुबारा तय की गईं। कोष ने अर्जेंटीना से कहा कि वह अपने प्राथमिक घाटे को कम करे, अपने केन्द्रीय बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाए और बजट घाटे की पूर्ति के लिए केन्द्रीय बैंक द्वारा छापी जाने वाली मुद्रा की मात्रा में कमी लाए। लेकिन अर्जेन्टीना इन लक्ष्यों को हासिल करने में असफल रहा। भीषण सूखे के चलते निर्यात में भी बहुत गिरावट आई है।

इन आर्थिक समस्याओं का मुकाबला करने के लिए खावीएर मिलेई ने खर्चे कम करने की एक योजना प्रस्तावित की है जिसके अंतर्गत वे वर्तमान 18 मंत्रालयों में से 10 (जिनमें शिक्षा मंत्रालय भी है) को ख़त्म करना चाहते हैं। खर्च में जीडीपी के 15 प्रतिशत के बराबर की कमी करने और पूंजी संबंधी बंदिशों को उठाना भी उनकी योजना में शामिल है। वे विदेशी व्यापार के लिए देश के दरवाजों को और खोलने तथा घाटे में चल रही सरकारी कंपनियों के निजीकरण के भी पक्षधर हैं। वे पेसो के बजाए डालर को देश की मुद्रा बनाना चाहते हैं। और उनके सिर्फ आर्थिक विचार ही क्रान्तिकारी नहीं है बल्कि बात इससे भी आगे तक जाती है। उन्होंने गर्भपात पर पाबंदी लगाने, अर्जेंटीना की जनता पर बंदूकें रखने संबंधी सभी नियम–कानूनों को हटाने और मानव अंगों के व्यापार को कानूनी दर्जा देने का वायदा किया है। वे क्लाइमेट चेंज को एक "समाजवादी झूठ" बताते हैं। उनका कहना है कि पोप ''शैतान के दूत हैं, स्त्रियों के प्रति द्वेष रखते हैं और चर्चा में बने रहने के लिए अजीबोगरीब बातें करते हैं।" मिलेई ट्रंप के प्रशंसक हैं तो ब्राजील के राष्ट्रपति जाइर बोलसोनारो, मिलेई के प्रशंसक हैं।

गुस्से से भरे और हैरान–परेशान अर्जेंटीना निवासियों के लिए, मिलेई के ये मौलिक विचार मधुर संगीत की तरह हैं। वे वर्तमान राजनैतिक दलों से कुंठित हैं और भविष्य को लेकर आशंकित हैं झ्र जिसका फायदा अतिदक्षिणपंथी वर्तमान में उठा रहे हैं। इसलिए लोग मिलेई की सारी बेतुकी बातों को नजरअंदाज कर रहे हैं।

बताया जाता है कि सन् 1978 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार के विजेता साईमोन कुज़्न्येट्स ने कहा था कि ''देश चार प्रकार के होते हैं विकसित देश, विकासशील देश, जापान और अर्जेंटीना।" अब तक अर्जेंटीना राजनैतिक स्थिरता कायम रखने में कामयाब रहा है लेकिन यदि मिलेई अगले राष्ट्रपति बनते हैं तो अर्जेंटीना एक और मामले में अपवाद बन जाएगा।

# इन बीमारियों से बचाना है तो ब्रेस्टफीडिंग जरूरी करवाएं, मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद



ब्रेस्टफीडिंग नवजात शिशु और उसकी मां के लिए कई मायनों में लाभदायक होता है. मां का दूध शिशु के लिए पौष्टिक तत्वों का अमूल्य स्त्रोत होता है और ब्रेस्टफीडिंग से बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है. इससे शिशु में संक्रमण, एलर्जी आदि कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है. वहीं मां के लिए भी ब्रेस्टफीडिंग कई फायदे होते हैं.यह मां के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायक हो सकता है. कई शोधों से पता चला है कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं में स्तन कैंसर, ओवरियन कैंसर, डायबिटीज और पोस्टपार्टम डिप्रेशन का खतरा कम हो जाता है और इससे वजन कम करने में भी मदद मिलता है.

डॉक्टरों के अनुसार, जो महिलाएं स्तनपान नहीं करातीं, उनमें स्तन कैंसर होने का खतरा काफी अधिक होता है. यह एक साबित तथ्य है कि स्तनपान स्तन कैंसर से बचाव में मददगार हो सकता है. इसलिए, महिलाओं को स्वयं और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान जरूर कराना चाहिए. स्तनपान न कर-ाकर वे स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का शिकार हो सकती हैं. स्तन कैंसर से बचने का सबसे अच्छा तरीका है स्तनपान कराना.

जब कोई महिला स्तनपान नहीं करती है तो उसे लैक्टेशन अमेनोरिया होने का खतरा रहता है. लैक्टेशन अमेनोरिया एक ऐसी स्थिति है जो आमतौर पर स्तनपान नहीं करवाने वाली महिलाओं को देखी जाती है. लैक्टेशन अमेनोरिया में महिलाओं को अपने मासिक धर्म में रुकावट और अनियमितता महसूस होती है. यह स्थिति स्तनपान बंद होने के बाद प्रोलैक्टिन नामक हामीन के स्तर में अचानक गिरावट की वजह से उत्पन्न होती है.

ओवरियन कैंसर महिलाओं में सबसे आम कैंसरों में से एक है. इसके कई कारण हो सकते हैं लेकिन कई शोधों से पता चला है कि जो महिलाएं स्तनपान करवाती हैं उनमें ओवरियन कैंसर होने की संभावना काफी कम होती है. स्तनपान करवाने से शरीर में प्रोलैक्टिन और एस्ट्रोजन जैसे हामीन्स का स्तर बढ़ता है जो ओवरियन कैंसर से सुरक्षा प्रदान करते हैं.इसलिए, महिलाओं को स्वयं और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तनपान अवश्य कराना चाहिए. स्तनपान न करवाने से ओवरियन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है.

स्तनपान के कई फायदे हैं जिनमें से एक यह भी है कि इससे मां का वजन कम हो सकता है. स्तनपान के दौरान मां के शरीर में ऊर्जा खपत होती है जिससे गर्भावस्था के दौरान जमा हुई अतिरिक्त चर्बी घटने लगती है. एक अध्ययन के अनुसार, स्तनपान कराने वाली माताएं उन माताओं की तुलना में अधिक वजन घटा पाती हैं जो स्तनपान नहीं करातीं. इसलिए, स्तनपान मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद है.

# ऐसी देशभक्ति से बचें

कनाडाई मीडिया के मुताबिक इंडियन साइबर फोर्स नाम के गुट ने साइबर हमले किए। अगर सचमुच ऐसा कोई समूह है और वह सचमुच भारतीयों ने बनाया हुआ है, तो उसे यह समझना चाहिए कि ऐसी गतिविधियां भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को स्थायी नुकसान पहुंचा देंगी।

कनाडा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाया। भारत सरकार ने उसका उतना ही करारा जवाब दिया। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि भारत सरकार बारीक कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए इस विवाद को शांत करने में सफल रहेगी। आखिर कोई देश बाकी पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाते हुए आगे नहीं बढ़ सकता। और जब गुजरे वर्षों में भारत सरकार ने पश्चिमी देशों के साथ अपने रिश्तों को खास प्राथमिकता दी हुई है, तब उन देशों को एक मुद्दे पर नाराज करना सही रास्ता नहीं हो सकता। खासकर उस समय तक तो बिल्कुल नहीं, जब भारत का दुनिया की दूसरी महाशक्ति चीन के साथ पहले से ही मोर्चा खुला हुआ है। इसलिए भारत के जो लोग देश भक्ति का अतिशय प्रदर्शन कनाडा के मामले में कर रहे हैं, उन्हें थोड़ा संयम बरतना चाहिए। उन्हें कम–से–कम अपनी सरकार की कूटनीतिक क्षमता पर भरोसा रखना चाहिए।

यह सलाह जितना मीडिया में उग्रवादी बातें कर रहे कथित विशेषज्ञों पर लागू होती है, उतना ही उन उत्साही लोगों पर जिन पर कनाडा की संसद, सेना मुख्यालय और अन्य सरकारी दफ्तरों पर साइबर हमला करने का आरोप लगा है। कनाडा सरकार ने अपने मीडिया को बताया कि इंडियन साइबर फोर्स नाम के एक गुट ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। अगर सचमुच ऐसा कोई समूह है और वह सचमुच भारतीयों ने बनाया हुआ है, तो उसे यह समझना चाहिए कि ऐसी गतिविधियां भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को स्थायी नुकसान पहुंचा देंगी। क्या देश में कोई भी ऐसा है, जो भारत की साइबर अपराधियों के अड्डे के रूप में छवि बनाना चाहता हो? भारत में टीवी चैनलों पर कही गई उग्रवादी बातों को दुनिया भर में सोशल मीडिया पर जिस तरह शेयर किया गया है, उससे पहले ही देश की छवि पर धब्बा लगा है। यह समझने की बात है कि इस तरह की बातों और साइबर हमले जैसे आरोप लगने से भारत की कूटनीति चुनौतियां और बढ़ जाएंगी। भारत का भला कनाडा के आरोप को झूठा साबित करने में है, ना कि ऐसा माहौल बनाने में जिससे दुनिया को उसके आरोप अधिक विश्वसनीय लगने लगें।

# ज्यादा देर तक फोन चलाना छीन सकता है आंखों की रोशनी, बना सकता है अंधा



अगर आप भी दिनभर अपने मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं तो अलर्ट हो जाइए. क्योंकि यह आपकी आंखों की रोशनी भी छीन सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स भी स्मार्टफोन के साइड इफेक्ट्स से सावधान करते हैं. क्योंकि इससे जुड़ी समस्याएं काफी गंभीर (स्द्वड्डह्लश्वद्धशठ्ठद्र स्द्वस्त्रद्ग श्वद्वद्दद्गष्ह्लह्य) हैं. ज्यादा फोन चलाने से सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फोन की स्क्रीन के संपर्क में ज्यादा रहना खतरों से भरा हुआ है. बच्चों में इसकी वजह से ग्लूकोमा की बीमारी तेजी से बढ़ रही है.जानें ज्यादा फोन चलाना क्यों खतरनाक है...

**स्मार्टफोन से आंखों को बचाएं**

ज्यादा देर तक मोबाइल फोन चलाने से आंखों की रोशनी पर निगेटिव असर पड़ता है. इसकी वजह से ड्राई आइज की समस्या हो सकती है. आपकी यह आदत ग्लूकोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है, जो अंधेपन का कारण भी बन सकता है. स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट्स आंखों के लिए खतरनाक होती हैं.

**फोकस करने में परेशानी**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, स्मार्टफोन की आभासी दुनिया दिमाग को विचलित कर सकती है. यह दिमाग पर बुरा असर छोड़ सकती है. यह भ्रम की स्थिति भी पैदा कर सकता है. ऐसे बच्चे तो ज्यादा देर तक मोबाइल पर समय बिताते हैं, उनका फोकस पढ़ाई पर सही तरह नहीं बन पाता है.

**मेंटल हेल्थ पर असर** स्मार्टफोन पर वीडियो गेम और दूसरे ऐप का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों में स्ट्रेस और डिप्रेशन बढ़ाने वाला हो सकता है. यह मेंटल हेल्थ को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है. लगातार फोन के इस्तेमाल से सिरदर्द और माइग्रेन का खतरा बढ़ा सकता है. इसलिए दिमाग को बेहतर रखने के लिए स्क्रीन टाइम को कम करना चाहिए.

**स्मार्टफोन को लेकर अलर्ट**

एक्सपर्ट्स मोबाइल फोन के खतरों से अलर्ट करते हैं. उनका कहा है कि इसका लंबे समय तक बुरा असर देखने को मिल सकता है. इसलिए रात में सोने जाने के करीब एक घंटे पहले स्क्रीन से बचना चाहिए. नोटिफिकेशन मैनेज करें, ताकि बार–बार फोन का इस्तेमाल न करना पड़े. इसके अलावा मोबाइल पर आई प्रोटेक्शन भी लगाएं, जिससे आंखों को इसके नुकसान से बचाया जा सके.

## रसायन के नोबेल का ऐलान, मोंगी बावेंडी, लुईस ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव को मिलेगा

**स्टॉकहोम ,एजेंसी।** रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार मोंगी बावेंडी, लुईस ब्रूस और एलेक्सी एकिमोव को देने का ऐलान कर दिया गया है। इन्हें ये पुरस्कार छोटे क्वांटम डॉट्स पर उनके काम के लिए दिया जा रहा है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हंस एलेग्रेन ने बुधवार को इस पुरस्कार की घोषणा की। इससे पहले बीते सोमवार को फिजियोलॉजी या मेडिसिन क्षेत्र के लिए इस सम्मान के विजेताओं के नाम का एलान किया गया था। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी सीओवीआईडी–19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली।

हर कोई जो रसायन विज्ञान की पढ़ाई करता है, वह जानता है कि किसी तत्व की गुणधर्म कितने इलेक्ट्रॉन्स उसमें होते हैं, लेकिन जब पदार्थ नैनो–आयामों में सिकुड़ता है, तो क्वांटम प्राकृतिकी उत्पन्न होती है; ये पदार्थ की आकार द्वारा नियंत्रित होती हैं। नोबेल प्राइज विजेताओं ने रसायन विज्ञान 2023 में ऐसे अणुओं को उत्पन्न करने में सफल हुए हैं जिनके गुणधर्म क्वांटम प्राकृतिकी द्वारा निर्धारित होते हैं। इन अणुओं को क्वांटम डॉट्स कहा जाता है, और वर्तमान में नैनोटेक्नोलॉजी में महत्वपूर्ण हैं।

## शी चिनफिंग ने मोहम्मद मुइज़ को मालदीव के राष्ट्रपति बनने की बधाई दी

**बीजिंग ,एजेंसी।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर मोहम्मद मुइज़ को फोन पर बधाई दी। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और मालदीव के बीच मैत्रीपूर्ण आदान–प्रदान का एक लंबा इतिहास रहा है।

चीन और मालदीव न केवल सच्चे आपसी विश्वास और आपसी मदद वाले दोस्त हैं, बल्कि विकास और आम समृद्धि के लिए मिलकर काम करने वाले साझेदार भी हैं।

मैं चीन–मालदीव संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता हूं, और पारंपरिक मित्रता को आगे बढ़ाने, व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने और दोनों देशों के बीच भविष्य–उन्मुख व्यापक मैत्रीपूर्ण सहकारी साझेदारी को बढ़ावा देने में लगातार नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए निर्वाचित राष्ट्रपति मुइज़ के साथ काम करने को तैयार हूं।

## केन्या में विस्फोट में अल–शबाब के दो आतंकवादी मारे गए

**नैरोबी , एजेंसी।** केन्या के पूर्वी काउंटी गरिसा के एक गांव में बम बनाने के दौरान हुए विस्फोट में अल–शबाब के कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादी सुरक्षा एजेंसियों और अन्य मोटर चालकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य आपूर्ति मार्ग पर विस्फोटक उपकरण लगा रहे थे, तभी उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर पहुंची सुरक्षा टीमों को हर जगह बुरी तरह से क्षत–विक्षत शव बिखरे हुए मिले। पुलिस ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि सितंबर में हमलों में मामूली गिरावट के बाद आतंकवादी अब विस्फोटक लगाने का प्रयास कर रहे हैं। इस क्षेत्र में ऐसी घटनाएं आम हैं। स्थानीय लोगों से ऐसा देखने पर सूचना देने के लिए कहा जाता है। सोमालिया स्थित अल–शबाब आतंकवादी सुरक्षा क्षेत्रों को तोडक़र पूर्वी केन्या में, विशेष रूप से मंडेरा, वजीर और गरिसा काउंटी में हमले कर रहे हैं, जिनमें दर्जनों नागरिक और सुरक्षा अधिकारी मारे गए है। *

# कुरुक्षेत्र: चेहरे बनाम सामूहिक नेतृत्व व महिला आरक्षण बनाम जातीय जनगणना की पहली परीक्षा विस चुनावों में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा के चुनाव अप्रैल–मई 2024 में होने हैं, लेकिन बिसात अभी से बिछ रही है। इसी साल नवंबर में होने वाले मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा के चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने ऐसी तैयारी शुरु कर दी है। मानों ये चुनाव लोकसभा के चुनाव हों।मीडिया में भी वैसी ही हलचल है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों की बाढ़ है और दलों की रणनीति भी उसी हिसाब से लगातार बदल रही है।

आम तौर पर ज्यादातर चुनावों में एक बड़ा चेहरा उतार कर कांग्रेस से उसका चेहरा पूछने वाली भाजपा इस बार मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सामूहिक नेतृत्व के नारे के साथ चुनाव में उतरेगी, जबकि कांग्रेस तीनों राज्यों में कमलनाथ, अशोक गहलौत और भूपेश बघेल के मुकाबले में भाजपा से उसके चेहरों के नाम पूछेगी।

इसी बीच बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने राज्य की जातिवार जनगणना के आंकड़े जारी करके राजनीति को एक नया आयाम दे दिया है। बिहार सरकार के इस कदम से जातीय जनगणना कराने का दबाव केंद्र सरकार पर बढ़ गया है और विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाना शुरु कर दिया है। नीतीश कुमार के साथ तेजस्वी यादव, राहुल गांधी अखिलेश यादव आदि अपने पिछड़े कार्ड के साथ मैदान में उतर आए हैं।

भाजपा अगर हिंदुत्व और महिला आरक्षण कानून को मुद्दा बना रही है तो विपक्ष जातीय जनगणना और पिछड़ों के आरक्षण के मुद्दे को हवा दे रहा है। विपक्ष के इस दांव के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हिंदुओं को बांटने और जात पांत कि जगह गरीब को उसका हक देने का मुद्दा उठा दिया है। छत्तीसगढ़ की जन सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर जिसकी जितनी आबादी उसको उतना ही हक की बात करनी है तो सबसे ज्यादा आबादी हिंदुओं की है तो सबसे ज्यादा हक उन्हें ही मिलना चाहिए। ऐसा करके क्या कांग्रेस अल्पसंख्यकों का हिस्सा खत्म करना चाहती है। अब कौन सा मुद्दा भारी पड़ेगा इसकी पहली परीक्षा नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में होगी।



कर्नाटक के उलट भाजपा ने आनन फानन में जिस तेजी के साथ मध्य प्रदेश में सत्तर से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की तीन सूचियां जारी कर दीं और छत्तीसगढ़ में भी उसकी पहली सूची सामने आ गई है, जबकि कर्नाटक में भाजपा से काफी पहले आधे से ज्यादा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने वाली कांग्रेस अभी सभी राज्यों में माथापच्ची कर रही है। भाजपा ने न सिर्फ जल्दी सूची जारी करके बल्कि अपनी दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों, सात सांसदों और एक राष्ट्रीय महासचिव समेत आठ सीटों पर जिस तरह बड़े नेताओं को उतारकर सबको चौंका दिया है, उसे लेकर अलग अलग राय है।

एक राय है कि मध्य प्रदेश को लेकर भाजपा बहुत आश्वस्त नहीं है, इसलिए उसने उन सीटों पर जो उसकी सबसे कमजोर सीटें हैं। अपने दिग्गज उतारकर उनको जीतने की रणनीति बनाई है। दूसरी राय है कि भाजपा ने यह कदम घबराकर अपने बचाव में उतारा है कि इससे सामने वाले पर दबाव बनेगा लड़ाई में जो घबराता है उसका नुकसान होता है।एक अन्य राय है कि ऐसा करके भाजपा ने मध्य प्रदेश की जनता को यह संदेश दिया है कि पार्टी इस बार वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चेहरे के बिना सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी और अगर सरकार बनी तो कोई अन्य मुख्यमंत्री हो सकता है। इसलिए मुख्यमंत्री पद के तीन बड़े दावेदार नरेंद्र सिंह तोमर, कैलास विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल को मैदान में उतारकर उनके क्षेत्र की जनता और समर्थकों को यह संदेश दिया है कि उनका नेता भी मुख्यमंत्री बन सकता है।

इनसे इतर एक राय यह भी है कि पार्टी नेतृत्व ने मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को चुनाव मैदान में उतारकर उनकी हैसियत का इम्तिहान भी लिया है कि मुख्यमंत्री की दौड़ में आगे आने के लिए उन्हें यह चुनावी अग्निपरीक्षा देनी होगी।

भाजपा की यह रणनीति कितनी कामयाब होगी इसे लेकर भी राय बंटी हुई है। कुछ विश्लेषक इसे भाजपा का मास्टर स्ट्रोक बताते हैं जबकि इसके उलट इसे डिसीस्टर स्ट्रोक भी कहा जा रहा है। रणनीति के समर्थकों का कहना है कि दिग्गजों को मैदान में उतारकर भाजपा ने सामूहिक नेतृत्व की बात को यर्थाथ में बदल दिया है। इससे शिवराज सिह को लेकर पिछले 18 साल की एंटी इन्कंबेंसी जो अरुचि में बदल गई है, उससे निपटने में मदद मिलेगी और साथ ही मध्य प्रदेश में भाजपा का नया नेतृत्व भी विकसित हो सकेगा। फिर शिवराज की जगह मोदी का चेहरा सामने रहने से पार्टी को चुनावी फायदे की उम्मीद ज्यादा है, लेकिन इस रणनीति को डिसास्टर स्ट्रोक बताने वाले कहते हैं कि इससे एक तरफ तो भाजपा की निराशा और हताशा सामने आ गई है दूसरी तरफ जो बड़े नेता घूम घूम कर पार्टी उम्मीदवारों की जीत का रास्ता आसान कर सकते थे, उन्हे खुद चुनाव में फंसा कर पार्टी ने अपना नुकसान कर लिया है।

दूसरे इन सीटों पर जहां दिग्गजों को उतारा गया है वहां जो स्थानीय नेता टिकट के दावेदार थे, उनके विरोध और असंतोष का सामना भी इन दिग्गजों को करना पड़ेगा। फिर शिवराज सिंह जिन्होंने 15 साल से ज्यादा वक्त तक राज्य पर शासन किया है, उन्होंने अपना एक निजी जनाधार वर्ग भी तैयार किया है।सामूहिक नेतृत्व के नाम पर शिवराज की अनदेखी इस समूह को नाराज कर सकती है जिसका भाजपा को नुकसान हो सकता है।

अब बात राजस्थान की जहां पिछले कई चुनावों से हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज रहा है। भाजपा को इस रिवाज पर बेहद भरोसा है जबकि कांग्रेस दावा कर रही है कि इस बार राज नहीं रिवाज बदलेगा। हालांकि, दोनों ही दलों ने अभी तक राजस्थान के लिए कोई सूची जारी नहीं की है, लेकिन कहा जा रहा है कि मध्य प्रदेश की तरह यहां भी भाजपा अपने कुछ दिग्गजों को मैदान में उतार सकती है। इनमें जो नाम चल रहे हैं उनमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर और जयपुर राजघराने की दिया कुमारी आदि के नाम लिए जा रहे हैं।

कहा जा रहा है कि यहां भी दिग्गजों को मैदान में उतार कर कांग्रेस को बचाव की मुद्रा में लाने की रणनीति है।लेकिन जैसे मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान का पेंच फंसा है, वैसे ही यहां पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को लेकर भी भारी उहापोह है। शिवराज की ही तरह राजस्थान में भाजपा में वसुंधरा अकेली नेता हैं जिनकी पहचान और लोकप्रियता पूरे राजस्थान में है। कहा जाता है कि 40 से 50 सीटों पर वसुंधरा का अपना निजी असर है और उनकी अनदेखी व नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। इसके बावजूद केंद्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश की ही तर्ज पर यहां भी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। यह दुधारी तलवार है जो दोनों तरफ मार कर सकती है। यहां भी भाजपा मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी।

उधर कांग्रेस जो पिछले कई महीनों से मुख्यमंत्री अशोक गहलौत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट की जंग से जूझ रही थी अब फौरी तौर पर उस पर काबू पा चुकी है। चुनाव पूरी तरह अशोक गहलौत के चेहरे और नेतृत्व पर ही लड़ा जाएगा। पिछले करीब एक साल से गहलौत सरकार की लोकलुभावन योजनाओं का जमीन पड़ने वाले असर को कांग्रेस अपनी ताकत मान रही है और इसी आधार पर राज्य में अपनी सरकार की वापसी का दावा भी कर रही है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षण भी बता रहे हैं कि तीन महीने पहले कांग्रेस भाजपा से खासी पीछे थी, अब लगभग मुकाबले पर आ गई है और भाजपा उससे थोड़ा ही आगे है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरी तरह अपनी सरकार दोबारा बनाने के लिए आश्वस्त है। भाजपा नेता भी दबी जुबान से स्वीकारते हैं कि राज्य में उनकी सीटें तो बढ़ेंगी लेकिन कोई स्थानीय नेतृत्व न होने के कारण बघेल को चुनौती नहीं दी जा पा रही है और इसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा।

सबसे ज्यादा चौंकाने वाली खबरें दक्षिणी राज्य तेलंगाना से आ रही हैं। यहां मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली टीआरएस जो अब बीआरएस हो गई है, उसे सबसे कड़ी चुनौती कांग्रेस से मिल रही है। जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों और विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी, लेकिन कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस की जीत के बाद तेलंगाना का माहौल बदल गया है। वहां राज्य की बीआरएस सरकार के खिलाफ जो रुझान है वो भाजपा की बजाय कांग्रेस की तरफ मुड़ता जा रहा है।

इसका सबसे बड़ा कारण कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद अल्पसंख्यक मतदाता जो टीआरएस का बड़ा जनाधार थे, कांग्रेस की तरफ एकमुश्त आ रहे हैं, क्योंकि दिल्ली शराब घोटाले को लेकर जब से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी और सांसद कविता से पूछताछ की है। चंद्रशेखर राव ने खुद को विपक्षी खेमेबंदी से दूर कर लिया और केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना भी लगभग बंद कर दिया।

इससे राज्य में बीआरएस और भाजपा के बीच अंदरूनी दोस्ती का संदेश तेजी से गया है और बीआरएस विरोधी मतदाता भाजपा से दूर होने लगे हैं। भाजपा ने अपने मुखर प्रदेश अध्यक्ष बंडी को बदलकर भी इस संदेह को बल दिया है। साथ ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने लगातार राज्य में दौरे और यात्राओं के जरिए पार्टी को फिर से खड़ा कर दिया है। इसीलिए तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी की जनसभाओं में उमड़ी जबर्दस्त भीड़ ने भी कांग्रेस का हौसला बढ़ा दिया है।

## यूजीसी फेलोशिप में बढ़ोतरी, 67,000 रुपए तक मिलेगी मासिक राशि

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** इनोवेशन और रिसर्च नवाचार को बढ़ावा देने के लिए यूजीसी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों के शोधकर्ताओं को फेलोशिप के रूप में मिलने वाली की मासिक राशि बढ़ा दी है। यूजीसी के मुताबिक बढ़ी हुई राशि 1 जनवरी 2023 से मान्य है।

यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक जेआरएफ यानी जूनियर रिसर्च फेलोशिप के तौर पर जहां पहले 31,000 रुपए मासिक दिए जाते थे, उसे अब बढ़ाकर 37,000 महीना कर दिया गया है। इसी तरह से सीनियर रिसर्च फेलोशिप यानी सर्फ जो कि पहले 35,000 रुपए थी उसे बढ़ाकर 42,000 कर दिया गया है।यूजीसी का कहना है कि रिसर्च एसोसिएट की फेलोशिप की राशि 47,000 प्रति माह से बढ़ाकर 58,000 कर दी गई है। जबकि, रिसर्च एसोसिएट ग्रेड 2 की फेलोशिप 49,000 से बढ़ाकर 61,000 कर दी गई है। इसी तरह रिसर्च एसोसिएट लेवल 3 की फेलोशिप, मासिक 54,000 से बढक़र 67,000 रुपए कर दी गई है।इस निर्णय की जानकारी देते हुए यूजीसी ने कहा कि यह अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी तंत्र को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा और शोधकर्ताओं को सुविधा प्रदान करेगा। वहीं छात्र संगठनों ने भी यूजीसी के इस निर्णय की सराहना की है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कहना है कि वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कनिष्ठ, वरिष्ठ शोध अध्येताओं व रिसर्च एसोसिएट की अध्येतावृत्तियों में बढ़ोतरी के निर्णय का स्वागत करती है।गौरतलब है कि इससे पहले जब विज्ञान के विषयों के लिए फेलोशिप में बढ़ोतरी हुई थी, उसी समय यूजीसी से यह मांग की थी कि सभी फेलोशिप में बढ़ोतरी की जाए।

## लैंड फॉर जॉब घोटाला मामला : लालू परिवार को बड़ी राहत, दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी जमानत

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** लैंड फॉर जॉब मामले में लालू परिवार को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर सुनवाई करते हुए सभी आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और सांसद मीसा भारती को जमानत दे दी है। मामले का ट्रायल 16 अक्टूबर से शुरू होगा।

लालू, राबड़ी, तेजस्वी और मीसा भारती समेत लैंड फॉर जॉब केस के सभी 17 आरोपी बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने सीबीआई की सप्लीमेंट्री चार्जशीट के आधार पर सभी को पिछले महीने समन किया था।

## जाति गणना पर छिड़ी सियासत; जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी केस में बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद देश में सियासत तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां मंगलवार को कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाए, वहीं कांग्रेस ने आंकड़ों को लेकर प्रधानमंत्री की नींद उडऩे की बात कही है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी भागीदारी' के बयान पर कहा कि वह देश के हिंदुओं और गरीबों को बांटने का कुचक्र कर रही है। श्री मोदी ने जगदलपुर में भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे बड़ी जाति गरीब की ह ,और अगर उसका भला हो गया, तो देश का भला हो जाएगा। भारत के संसाधनों पर पहला हक गरीब का है, चाहे



वह दलित, पिछड़ा या फिर सामान्य वर्ग से हो। गरीब के जीवन में बदलाव होना चाहिए। कांग्रेस नई मांग कर देश के लोगों के बीच खाई को बढ़ाने और उनके बीच बैर बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है,अब कांग्रेस की नई मांग से वह क्या सोच रहे होंगे। कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों का हक कम करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आज कांग्रेस के लोग नहीं चला रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मुंह पर ताला लगा हुआ है। कांग्रेस को आउटसोर्स कर दिया गया है। पर्दे के पीछे खेल खेले जा रहे है और देश विरोधी ताकतों से मिल गए हैं। उधर, कांग्रेस ने कहा कि बिहार में जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के बाद अब देश में यह मांग जोर पकडऩे लगी है और इस चौंकाने वाले आंकड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नींद उड़ा दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जब से बिहार के जाति जनगणना के चौंका देने वाले आंकड़े सामने आए हैं, पूरे देश में जाति जनगणना की मांग जोर पकड़ रही है। मोदी साहिब की नींद उड़ी हुई है। जब पाठ्यक्रम के बाहर का कोई सवाल खड़ा हो जाता है, तो मोदी जी के पाठ्यक्रम का एक देखा भाला अस्त्र बाहर ले आया जाता है– मुद्दे से लोगों का ध्यान बंटाने का अस्त्र। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह से न्यूजक्लिक के योगदानकर्ता पत्रकारों के खिलाफ हो रही कार्रवाई इसी पाठ्यक्रम का हिस्सा है।

## मणिपुर : कुकी–ज़ो लोगों की गिरफ्तारी के खिलाफ बेमियादी बंद से 2 जिलों में जनजीवन अस्त–व्यस्त

**इंफाल ,एजेंसी ।** सीबीआई द्वारा कुकी–ज़ो आदिवासियों की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिजिनस ट्राइबल्स लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) और कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी (सीओटीयू) की महिला शाखा के अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान पर मणिपुर के आदिवासी बहुल चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में मंगलवार को दूसरे दिन भी सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त रहा। हालांकि, दो युवा छात्रों की हत्या के सिलसिले में सीबीआई द्वारा कुकी–ज़ो के चार लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में चुराचांदपुर जिले में सोमवार सुबह शुरू हुआ आईटीएलएफ द्वारा बुलाया गया दो दिवसीय बंद मंगलवार शाम को समाप्त हो गया।

आईटीएलएफ और सीओटीयू की महिला शाखा इंफाल से दो किशोर छात्रों के कथित अपहरण और हत्या के मामले में चार लोगों की मनमाने ढंग से गिरफ्तारी और दो नाबालिगों की हिरासत और अंतरराष्ट्रीय साजिश के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है।आईटीएलएफ की महिला शाखा के सदस्यों ने सुनिश्चित किया कि चुराचांदपुर की सभी सडक़ें सुनसान रहें, क्योंकि सभी दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों के शटर नीचे थे। पुलिस ने कहा कि बाजारों में कोई गतिविधि नहीं देखी गई और सरकारी कार्यालयों में कोई उपस्थिति नहीं देखी गई, जबकि बैंक और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। आईटीएलएफ की महिला विंग की कार्यकर्ता रेबेका, जो शटडाउन के कार्यान्वयन का नेतृत्व कर रही थीं, ने शटडाउन को उचित ठहराया और समुदायों के बीच भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कुकी–ज़ो लोगों के बलात्कार और हत्या के कई मामलों पर ध्यान नहीं दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं पर यौन हमला और एक एम्बुलेंस में मां और बेटे को जिंदा जलाना शामिल है, दो मैतेई छात्रों की कथित हत्या का मामला भी शामिल है। मगर सीबीआई ने कुकी–ज़ो समुदाय के दो नाबालिगों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

दोनों आंदोलनकारी संगठनों ने केंद्रीय एजेंसियों से हिरासत में लिए गए लोगों को बिना किसी शर्त के रिहा करने की अपील की। उन्होंने आगे सीबीआई से राजनीतिक दबाव में जल्दबाजी में कार्रवाई न करने, बल्कि पेशेवर तरीके से कार्य करने और समुदायों या धर्म को देखे बिना जातीय संघर्ष के दौरान किए गए सभी अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने का आग्रह किया।

## केंद्रीय कैबिनेट ने 900 करोड़ के आदिवासी विश्वविद्यालय के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना के मुलुगु में 900 करोड़ रुपये की लागत से सममक्का–सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में तेलंगाना में जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 अक्टूबर को चुनावी राज्य तेलंगाना के अपने दौरे के दौरान मुलुगु में विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की थी।

## कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना ने कर्नाटक की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया : राहुल

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार की शक्ति योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है और यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि राज्य की महिलाओं को उनका अधिकार मिले।राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक में लक्ष्मी, वंदना, पूजा और उनके जैसी लाखों महिलाओं को कांग्रेस सरकार की शक्ति योजना द्वारा सशक्त बनाया गया है, जो मुफ्त बस यात्रा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि चाहे उन्हें स्कूल, कॉलेज, काम पर जाना हो या राज्य में कहीं भी यात्रा करनी हो, शक्ति योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है और इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त बचत हुई है। उन्होंने कहा, यह योजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देती है और रोजगार के अवसर पैदा करती है। यह गर्व की बात है कि हमारा शासन मॉडल यह सुनिश्चित कर रहा है कि कर्नाटक की महिलाओं को उनके अधिकार दिए जाएं। उन्होंने अपने पोस्ट के साथ एक समाचार की प्रति भी संलग्न की है। शक्ति योजना, दक्षिणी राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले घोषित कांग्रेस की पांच गारंटियों का हिस्सा थी।

## जालसाजी मामला : बेंगलुरु में सात सिटी ट्रांसपोर्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर, एक गिरफ्तार

**बेंगलुरु , एजेंसी ।** कर्नाटक पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के जाली हस्ताक्षर करने तथा नकली मुहरों का उपयोग कर बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (बीएमटीसी) को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचान के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और कॉर्पोरेशन से जुड़े सात अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में पूर्व मुख्य यातायात प्रबंधक श्रीराम मुलकावन; एक संभागीय यातायात अधिकारी श्यामला एस. मुद्दोदी; सहायक यातायात प्रबंधक ममता बी.के.; सहायक यातायात अधीक्षक अनीता टी.; सहायक यातायात निरीक्षक गुणशीला; कनिष्ठ सहायक आर. वेंकटेश; और कनिष्ठ सहायक प्रकाश कोप्पल के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी।

इस संबंध में विल्सन गार्डन थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अन्य अधिकारियों की तलाश शुरू कर दी है। बीएमटीसी से जुड़ी एक सहायक सुरक्षा और सतर्कता अधिकारी सी.के. राम्या ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## जेपी नड्डा करेंगे आपणो राजस्थान, 'सुझाव आपका संकल्प हमारा' अभियान का शुभारंभ

**नई दिल्ली ,,एजेंसी ।** राजस्थान में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का घोषणा पत्र ( संकल्प पत्र ) तैयार करने के लिए भाजपा ने राजस्थान की जनता से ही सुझाव मांगने का फैसला किया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आपणो राजस्थान 'सुझाव आपका, संकल्प हमारा' अभियान का शुभारंभ करेंगे।

दरअसल, राज्य में होने विधान सभा चुनाव को लेकर भाजपा अपना घोषणा पत्र तैयार करने के मिशन में लगी हुई है जिसे पार्टी घोषणा पत्र के बजाय संकल्प पत्र कहती है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में राजस्थान की जनता के सुझाव को भी शामिल करने का फैसला किया है।इसी के तहत नड्डा बुधवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम से इस अभियान का शुभारंभ करने जा रहे हैं। नड्डा 51 रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे जो प्रदेश के अलग–अलग इलाकों में जाकर राज्य की सभी 200 विधान सभाओं से जनता के सुझाव को एकत्र करने का काम करेगी।हर रथ पर एक संयोजक और सह संयोजक होगा।

# ज्योति, ओजस की जोड़ी ने तीरंदाजी में जीता गोल्ड, 71 पदक जीतकर एशियन गेम्स में भारत का नया रिकॉर्ड




हांगझोऊ भारत ने बुधवार को यहां 19वें एशियाई खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम और ओजस देवताले ने फूयांग यिनहु स्पोर्ट्स सेंटर में कंपाउंड मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धा में दक्षिण कोरिया को हराकर भारत को 71वां पदक दिलाया।

भारत ने फाइनल में कोरिया गणराज्य को करीबी मुकाबले में 159–158 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

हांगझोऊ में यह भारत का 16वां स्वर्ण पदक है। इसके साथ ही 2018 में इंडोनेशिया में पिछले संस्करण में हासिल किए गए 70 पदकों के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी भारत आगे निकल गया है। उसकी झोली में अब तक 25 रजत और 29 कांस्य पदक भी आ चुके हैं। वह पदक तालिका में चीन, जापान और कोरिया गणराज्य के बाद चौथे स्थान पर है।

फाइनल में सो चैवोन और जू जेहून की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ, ज्योति और ओजस की भारतीय जोड़ी को शुरुआती बढ़त मिली और उन्होंने पहला राउंड 40–39 से जीत लिया।

कोरिया की महिला तीरंदाज चैवोन ने नौ और 10 का स्कोर किया जबकि उनकी टीम के साथी जाहून ने 10–10 का स्कोर किया। दोनों भारतीयों ने अपने दोनों मौकों में 10–10 का स्कोर किया।

भारतीयों ने दूसरे राउंड में भी अपनी बढ़त बरकरार रखी।दोनों टीमों ने पूरे 40–40 अंक हासिल किये। तीसरे राउंड में कोरियाई ने 40–39 की बढ़त के साथ स्कोर 119–119 पर बराबर कर दिया।

हालाँकि, अंतिम राउंड में, ओजस और ज्योति की जोड़ी ने पूरे 40 अंक हासिल किये जबकि कोरियाई खिलाड़ी केवल 39 अंक ही प्राप्त कर सके। महिला कोरियाई तीरंदाज अपने पहले प्रयास में नौ अंक ही पा सकीं।

इस प्रकार, ज्योति और ओजस ने फाइनल 159–158 से जीतकर स्वर्ण पदक जीता।

ज्योति और ओजस दोनों के लिए एशियाई खेलों में यह उनका पहला पदक था। दोनों अपनी–अपनी एकल प्रतिस्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचकर और पदक जीतने की दौड़ में हैं।

## सेमीफाइनल में हारने के बाद ब्रॉन्ज के लिए लड़ेंगे सुनील

हांगझोऊ। भारतीय पहलवान सुनील कुमार पुरुषों के 87 किग्रा ग्रीको–रोमन सेमीफाइनल में ईरान के नासेर अलीजादेह के खिलाफ 1–5 से हार गए और बुधवार को एशियाई खेलों में कांस्य पदक के लिए लड़ेंगे।

24 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले प्री–क्वार्टर फाइनल में चीन के पेंग फी के खिलाफ 4–3 से जीत हासिल करने के बाद क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के सुखरोब अब्दुलखेव को 9–1 से हराया था।

अन्य स्पर्धाओं में, नीरज को पुरुषों के 67 किग्रा 1/8 फाइनल में उज्बेकिस्तान के मखमुद बख्शिलोव के खिलाफ 3–5 से हार का सामना करना पड़ा। जबकि ज्ञानेंद्र को भी 60 किग्रा 1/8 फाइनल में ईरान के मेयसम दलखानी से 1–7 से हार का सामना करना पड़ा।

दूसरी ओर, विकास को 77 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन के लियू रुई के हाथों टीएसयू (तकनीकी श्रेष्ठता) का सामना करना पड़ा।

# एशियाई खेलः मंजू रानी, राम बाबू ने 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता






हांगझोऊमंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने 19वें एशियाई खेलों में बुधवार को 35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के पदकों की संख्या 70 पर पहुंचा दी है जो इन खेलों में उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बराबर है।राम बाबू ने 2 घंटे 42 मिनट 11 सेकेंड में रेस पूरी की जबकि मंजू रानी 3 घंटे 9 मिनट 3 सेकेंड का समय निकाला। भारत 5 घंटे 51 मिनट 14 सेकेंड के संयुक्त समय के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वह स्वर्ण पदक विजेता चीन की टीम से 34 मिनट 33 सेकेंड से पीछे रहा।

इस पदक के साथ ही भारत ने एशियाई खेलों में अपने 70 पदकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है जो उसने 2018 में इंडोनेशिया में आयोजित पिछले संस्करण में बनाया था।

35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम में एक देश एक पुरुष और एक महिला या दो पुरुष और दो महिला प्रतिभागियों वाली टीमें रख सकता है। पदक के लिए सर्वोत्तम दो समय मान्य होते हैं।

चीन और जापान ने दो पुरुष और दो महिला वॉकरों के साथ प्रतिस्पर्धा की, जबकि भारत, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया की एक–एक जोड़ी उतारी थी।

चीन ने 5 घंटे 16 मिनट 41 सेकेंड के समय के साथ एशियाई खेलों में नया रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान दूसरे स्थान पर रहा।

## बल्लेबाज मचाएंगे तबाही या कहर बनकर टूटेंगे गेंदबाज ,अहमदाबाद की पिच पर किसका होगा राज?



नई दिल्ली। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के पहले मुकाबले में गुरुवार को इंग्लैंड की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होगी। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करना चाहेगी। वहीं, कीवी टीम 2019 विश्व कप के फाइनल में मिली हार का हिसाब अहमदाबाद में चुकता करना चाहेगी। कैसी खेलेगी अहमदाबाद की पिच?इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप 2023 का ओपनिंग मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। अहमदाबाद में कई तरह की पिच मौजूद हैं, जिस पर तेज गेंदबाजों से लेकर स्पिनर्स तक का बोलबाला रहता है। हालांकि, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच जिस पिच पर वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला खेला जाना है, उस पर जमकर रन बरसते हैं। ऐसे में टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में भी चौके–छक्कों की बारिश देखने को मिल सकती है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में अब तक कुल 28 वनडे मैच खेले गए हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 16 मैचों में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, 12 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। अहमदाबाद के इस मैदान पर पहली पारी में औसतन स्कोर 235 का रहा है, जबकि दूसरी इनिंग में एवरेज स्कोर 203 का है। यानी टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला ज्यादा फायदा का सौदा नजर आता है।

स्टोक्स का खेलना मुश्किल

आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के ओपनिंग मैच में बेन स्टोक्स का खेलना काफी मुश्किल नजर आ रहा है। कप्तान जॉस बटलर ने बताया है कि स्टोक्स को हिप में इंजरी हुई है,

# अंतिम अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान की जीत

नई दिल्ली,0विश्व कप 2023 के अभ्यास मैचों के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। वहीं, एक अन्य मुकाबले में अफगानिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में जीत हासिल की।

हैदराबाद में ग्लेन मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट पर 351 रन में 77 रन बनाए, जबकि मार्नस लाबुशेन ने बल्ले और गेंद से योगदान दिया।

पाकिस्तान की ओर से कप्तान बाबर आजम के 90 रन के बावजूद पाकिस्तान 14 रन से पीछे रह गया और लगातार दूसरे वॉर्म–अप मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा।




पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही थी। डेविड वॉर्नर (48 रन) और मिचेल मार्श (31 रन) ने 83 रन की साझेदारी निभाई। स्मिथ (27 रन) और मार्नस लाबुशेन (40 रन) ने भी टीम के लिए थोड़े रन जोड़े लेकिन मैक्सवेल (77 रन), ग्रीन (50 रन) औक जोश इंग्लिश (48 रन) ने शानदार तूफानी पारी खेली और टीम को 350 के पार पहुंचाया।

जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। 83 रन तक टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। फिर, इफ्तिखार 85 गेंदों में 83 रन बनाकर आउट हुए। बाबर 59 गेंदों में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 90 रन बनाकर रिटायर्ड आउट हुए। इस तरह टीम 47.4 ओवर में 337 रन पर सिमट गई।वहीं, गुवाहाटी में खेले गए एक और अभ्यास मैच में अफगानिस्तान ने श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम से छह विकेट से हरा दिया।

# फिल्मी दुनियां

## पठान से आगे निकली जवान, बनी इस साल दुनियाभर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

शाहरुख खान ने 25 जनवरी को पठान के साथ 5 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी।फिल्म कई रिकॉर्ड तोडने् में कामयाब रही तो अब शाहरुख की ही फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है।बीते दिनों जवान ने पठान को भारत में कमाई के मामले में पीछे छोड़ा था, वहीं अब यह दुनियाभर में भी इससे आगे निकल गई है।अब पठान इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी पठान ने दुनियाभर में करीब 1,050 करोड़ रुपये का कारोबार किया था और अब जवान ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।रिपोर्ट के अनुसार, जवान 23 दिनों में ही दुनियाभर में 1,055 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई करने में सफल रही है।ऐसे में यह दुनियाभर में इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बन गई है, वहीं यह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म बनकर उभरी है।



एटली के निर्देशन में बनी जवान दुनियाभर में अब तक की पांचवीं सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय और दूसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई है।बॉलीवुड में पहले स्थान पर आमिर खान की फिल्म दंगल का कब्जा है, जिसने दुनियाभर में 1,968.03 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।हालांकि, दंगल ने चीन में भी करोड़ों कमाए थे, लेकिन जवान और पठान दोनों ही फिल्में वहां रिलीज नहीं हुई हैं।अब देखना होगा कि क्या जवान दंगल का रिकॉर्ड तोड़ पाएगी।दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में दंगल पहले तो बाहुबली 2 दूसरे स्थान पर है। इसके बाद आरआरआर तीसरे और केजीएफ 2 चौथे स्थान पर है। अब जवान के आने से पठान छठे स्थान पर पहुंच गई है।शाहरुख इंडस्ट्री के एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी 2 फिल्मों ने एक ही साल में बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया है। अब शाहरुख की फिल्म डंकी क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है, जिससे भी बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद की जा रही है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में शाहरुख के साथ पहली बार तापसी पन्नू नजर आने वाली हैं।जवान में शाहरुख ने दोहरी भूमिका निभाई है। एक किरदार में उनके साथ दीपिका पादुकोण नजर आईं, जिन्होंने फिल्म में कैमियो किया था।इसके अलावा शाहरुख नयनतारा के साथ दिखे हैं, जिन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा है।

## 'हम तुम्हें चाहते हैं' 13 अक्टूबर को रिलीज होगी

एसआरजी फिल्म्स इंटरनेशनल के बैनर तले गोविंद बंसल और रेमा लाहिड़ी द्वारा निर्मित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'हम तुम्हें चाहते हैं' 13 अक्टूबर को रिलीज होगी। राजन लायलपुरी द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म से नवोदित अभिनेता जन्मेजय सिंह बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। 'हम तुम्हें चाहते हैं' में जन्मेजय सिंह ने मुख्य किरदार निभाया है जो खुद को एक प्रफुल्लित करने वाले और जटिल प्रेम त्रिकोण में पाता है।

फिल्म उन हास्यप्रद और हृदयस्पर्शी स्थितियों की पड़ताल करती है जो तब उत्पन्न होती है जब वह दो आकर्षक महिलाओं के बीच फंस जाता है। जिसे प्रतिभाशाली अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता और अनुस्मृति सरकार ने जीवंत किया है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म प्यार और हंसी का एक आनंदमय मिश्रण पेश करने का वादा करती है।

## श्वेता तिवारी ने गिराई हुस्न की बिजलियां, 42 की उम्र में इतने ग्लैमरस अंदाज में आईं नजर

श्वेता तिवारी ने बेशक अपनी अदाकारी से हमेशा ही दर्शकों का दिल जीता है, लेकिन पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस अपने लुक्स के कारण काफी चर्चा में बनी हुई हैं. इन दिनों लगातार श्वेता अपने स्टाइलिश लुक्स दिखा रही हैं. उनकी हर अदा को देखकर ऐसा लगता है कि वह वक्त के साथ और ज्यादा बोल्ड और हॉट होती जा रही है. वहीं, एक्ट्रेस अपनी फिटनेस से भी सभी के होश उड़ा रही हैं. अब फिर से श्वेता का नया स्टाइलिश लुक काफी वायरल हो रहा है.

श्वेता ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपना नया लुक शेयर किया है. लेटेस्ट फोटोशूट के लिए एक्ट्रेस ने ब्राउन शेड की शॉर्ट ड्रेस और मैचिंग का क्रॉप ब्लेजर कैरी किया है.



इसके साथ उन्होंने ब्लैक क्रॉप टॉप पहना है और ब्लेजर के बटन खोलकर कैमरे के सामने स्टाइलिश पोज दिए हैं.

एक्ट्रेस इस लिक में स्टनिंग दिख रही हैं. उन्होंने हुस्न के जलवे बिखेरते हुए एक से एक पोज दिए हैं.

श्वेता ने अपने स्टाइलिश लुक को सटल बेस, न्यूड लिप्स और न्यूड आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने बालों को सॉफ्ट कर्ली टच देकर ओपन रखा है.

## साउथ में डेब्यू के लिए तैयार हैं रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी, राम चरण के साथ करेंगी रोमांस



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन और अनिल थंडानी की बेटी राशा थंडानी जल्द ही फिल्मों में कदम रखेंगी. रवीना ने जिस तरह लाखों फैंस के दिलों पर राज किया है, राशा से भी फैंस को वहीं उम्मीदें हैं. सोशल मीडिया पर यूं भी राशा अपनी खुबसूरती और ग्लैमर के लिए छाई रहती हैं. अक्सर उन्हें पैपराजी द्वारा स्पॉट किया जाता है. फैशन और स्टाइल से राशा ने पहले ही लोगों का दिल जीत लिया है. अब वो बड़े पर्दे पर अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगी. खबर है कि स्टार किड राशा साउथ इंडस्ट्री से फिल्मों में ग्रैंड एंट्री मारेंगी. साथ ही उन्हें एक बड़े सुपरस्टार के साथ भी काम करने का मौका मिलने जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, राशा एक तेलुगु फिल्म में लीड हीरोइन बनने जा रही हैं. फिलहाल इस प्रोजोकेट पर अभी बातचीत चल रही हैं. फिल्म की खास बात ये है कि इसमें साउथ सुपरस्टार राम चरण लीड हीरो हैं. राशा और रामचरण की जोड़ी बन सकती है. दूसरी ओर हम ये भी कह सकते हैं कि राशा खुद से करीब 20 साल बड़े एक्टर संग रोमांस करते दिखेंगी, 38 वर्षीय स्टार राम चरण जल्द एक हाई लेवल प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहे हैं. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि संबंधित फिल्म के निर्माताओं को पूरा भरोसा है कि राशा इस भूमिका में फिट बैठती हैं, और जल्द ही एक्ट्रेस इस फिल्म को साइन कर सकती हैं.

## खतरों के खिलाड़ी में मिला शेर खान का टैग मेरे लिए गेम चेंजर हुआ साबितः हिना खान

खतरों के खिलाड़ी सीजन 8 की फाइनलिस्ट शेर खान के नाम से मशहूर एक्ट्रेस हिना खान ने अपने इस टैग के बारे में खुलकर कहा कि यह कितना अच्छा था और इसने वास्तव में उनकी दुनिया बदल दी।

हिना ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में चैलेंजर के तौर पर वापसी की है।

स्टंट–बेस्ड रियलिटी शो हर गुजरते हफ्ते के साथ डर को एक नए लेवल पर बढ़ा रहा है।

एक्शन मास्टर और शो के होस्ट रोहित शेट्टी, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन के जंगल में पहले कभी नहीं देखे गए स्टंट और कंस्टेंट्स के साथ मौजूद हैं।चैलेंजर हिना ने शो में वापसी पर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया।खतरों के खिलाड़ी 8 में फाइनलिस्ट बनने के बाद से वह एक व्यक्ति के रूप में कैसे विकसित हुई हैं, इस पर एक्ट्रेस ने कहाः "मैं हर मायने में ज्यादा



साहसी हो गयी हूं, न केवल फिजिकल ट्रायल का सामना करने में बल्कि जीवन की अप्रत्याशितता को अपनाने में भी। मैंने वास्तविक दुनिया और रील दोनों में नई चुनौतियों का खुली बांहों से स्वागत करना सीख लिया है।हिना ने कहा, निडरता की इस नई भावना ने अवसरों और रोमांच की एक ऐसी दुनिया खोल दी है जिसे तलाशने में मुझे कभी झिझक होती थी। किसी भी चीज से ज्यादा, यह यात्रा खुद को आगे बढ़ाने की है। यह शो जीवन बदलने वाला अनुभव था जिसने मुझे अंदर से बाहर तक बदल दिया। यह सीमाओं को पार करने, डर का डटकर सामना करने और दूसरी तरफ एक मजबूत, अधिक आत्मविश्वासी और अधिक दृढ़ व्यक्ति के रूप में उभरने का बेहतरीन जरिया है।नागिन 5 फेम एक्ट्रेस ने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें सिखाया है कि जब वह अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलने की हिम्मत करती हैं तो वह अपनी क्षमता तक जी सकती हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com